RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 'भूल भुलैया' की मंजूलिका...

वर्ष : 26 | अंक : 250 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 01 सितंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# शिवाजी की मूर्ति गिरने को लेकर सड़कों पर राजनीति

## शिवसेना ने निकाला मार्च, भाजपा विरोध में उतरी



### कब हुआ था प्रतिमा का अनावरण

"सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण 4 दिसंबर, 2023 को किया गया था, जब पहली बार नौसेना दिवस समारोह का आयोजन सिंधुदुर्ग में किया गया था । इस प्रतिमा का मकसद मराठा नौसेना की विरासत और छत्रपति शिवाजी महाराज के समुद्री रक्षा और सुरक्षा में योगदान का सम्मान करना था। इस प्रोजेक्ट का कॉन्सेप्ट और नेतृत्व इंडियन नेवी ने राज्य सरकार के सहयोग से किया था । सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए फंड भी मुहैया करवाया था । प्रतिमा गिरने के बाद राज्य और केंद्र सरकार दोनों ही आलोचना के घेरे में हैं ।



**महाराष्ट्र/मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाडी (एमवीए) ने सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने के विरोध में आज दक्षिण मुंबई में प्रतिष्ठित हुतात्मा चौक से 'गेटवे ऑफ इंडिया' तक मार्च निकाला। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) सुप्रीमो शरद पवार, शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे, कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख नाना पटोले और पार्टी की मुंबई इकाई की प्रमुख वर्षा गायकवाड़ ने 'संयुक्त महाराष्ट्र' आंदोलन में शहीद हुए लोगों की याद में बने हुतात्मा चौक पर पुष्पांजलि अर्पित कर विरोध मार्च की शुरुआत की।

यह प्रतिमा 17वीं सदी के मराठा योद्धा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की थी, जो सिंधुदुर्ग जिले के मालवन तहसील में राजकोट किले पर स्थापित थी । यह प्रतिमा 26 अगस्त को गिर गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे 4 दिसंबर, 2023 को नौसेना दिवस के अवसर पर अनावरण किया था।

वर्षा गायकवाड़ ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज से बड़ा कोई कोर्ट नहीं है और बीजेपी अब भ्रष्ट पार्टी बन चुकी है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जवाहरलाल नेहरू द्वारा बनाई गई प्रतिमा आज भी 67 साल बाद खड़ी है, फिर बीजेपी किस बात पर आंदोलन कर रही है जबकि सरकार उन्हीं की है । उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले पर अब तक माफी तक नहीं मांगी है ।

इस आंदोलन में उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे भी हुतात्मा चौक पहुंचे। यहां बड़े पैमाने पर चप्पलें और जूते लाए गए हैं जो इस विरोध प्रदर्शन का प्रतीक हैं। आंदोलनकारियों को हुतात्मा चौक से आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई है, जिससे वहां स्थिति तनावपूर्ण हो गई है ।

### पीएम मोदी और सीएम शिंदे ने मांगी माफी

इस मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी माफी मांगी है। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र दौरे के दौरान पालघर में आयोजित एक कार्यक्रम में शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने पर अफसोस जताया और माफी मांगी। इसी तरह, सीएम एकनाथ शिंदे ने भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह 100 बार शिवाजी महाराज के पैर छूने और माफी मांगने में संकोच नहीं करेंगे।

### प्रतिमा गिरने से विपक्षी दलों में भारी नाराजगी

महायुति सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप और शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने की घटना को लेकर जनता और विपक्षी दलों में भारी नाराजगी है । संजय राउत के नेतृत्व में शिवसेना ने इस मुद्दे को लेकर सरकार के खिलाफ व्यापक आंदोलन का आह्वान किया है । जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच इसे लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

## आरडब्ल्यूए का चुनाव जारी, शाम तक घोषित होंगे परिणाम





**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-11 में आरडब्ल्यूए का चुनाव सुबह 9.30 से शुरू हो गया है। सेक्टर के वरिष्ठ नागरिकों तथा चुनाव अधिकारी की मौजूदगी में सुबह से निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव हो रहा है तथा लोग अपने मतदान का प्रयोग कर रहे हैं।

इस मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की भी व्यवस्था की गई है। मालूम हो कि इस चुनाव में जहां एक और अध्यक्ष पद के लिए अनुज गुप्ता तथा महासचिव पद के लिए दिनेश कृष्णन वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए प्रदीप अग्रवाल कोषाध्यक्ष के लिए एस सी अग्रवाल उपाध्यक्ष के लिए विपुल कुमार शर्मा संयुक्त कोषाध्यक्ष के लिए संजय वर्मा संयुक्त सचिव के लिए विनय मोहन गुप्ता तथा सतीश कुमार ने नामांकन किया है।

वहीं कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर मंजू अग्रवाल रामचंद्र शैलजा सक्सेना संजीव अग्रवाल बलजीत रोहिल्ला पारस सक्सेना कुंवर सिंह नितिन पांडे राहुल द्विवेदी तथा अमितेश राहुल ने नामांकन किया है। दूसरी ओर अध्यक्ष के दावेदार अंजना भागी के पैनल में भी नामांकन किया था लेकिन नामांकन में अध्यक्ष पद का उल्लेख न करने पर अंजना भागी का नामांकन निरस्त कर दिया गया वहीं 3 वर्ष तक लगातार सदस्यन रहने तथासदस्यता शुल्क जमा न करने पर कुछ लोगों के नामांकन निरस्त कर दिए गए थे। इसके बाद इस चुनाव को असंवैधानिक बताते हुए अंजना भागी ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था तथा एक सितंबर को होने वाले चुनाव पर रोक लगाने की मांग की थी। लेकिन अदालत ने चुनाव पर कोई फैसल न सुनाते हुए मामले की सुनवाई की तारीख 3 सितंबर तय कर दी है। आज शाम को चुनाव के परिणाम घोषित हो जाएंगे।

## आवंटियों को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

### मुआवजे पर ब्याज का फैसला करेगा यमुना प्राधिकरण




**ग्रेटर नोएडा।** संस्थागत श्रेणी के आवंटियों पर 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा पर ब्याज का फैसला यमुना प्राधिकरण करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने आवंटियों की विशेष याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें यमुना प्राधिकरण में प्रत्यावेदन करने के लिए कहा है। संस्थागत के 13 आवंटियों पर प्राधिकरण का 3646 करोड़ से अधिक बकाया है।

इसमें अतिरिक्त मुआवजा राशि के अलावा उसका ब्याज, प्रीमियम, वाह्य विकास शुल्क आदि शामिल हैं।

यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर 17 ए में विभिन्न संस्थाओं को भूखंड आवंटित किए थे। प्रदेश सरकार के शासनादेश के आधार पर प्राधिकरण ने इन आवंटियों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा राशि और उसका ब्याज का भुगतान करने के नोटिस दिए थे।

## सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा ने की बैठक



**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर एक अहम बैठक हुई। जिसमें 2 सितंबर को भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू करने को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा उमेश पहलवान ने की। उमेश पहलवान ने कहा कि आज से शुरू भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में सभी पदाधिकारी एवं सदस्य जोर-जोर से मेहनत करके अधिक से अधिक संख्या में पार्टी के सदस्य बनाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि सर्वप्रतित है कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है इसको बरकरार रखने के लिए आप सभी सदस्यता अभियान पर जोड़ दें ताकि दुनिया भर की सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा बरकरार रहे।

इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष रामकिशन यादव, जयप्रकाश प्रजापति, सुधीर अवाना, महामंत्री सतेंद्र सिरोही, भगत भाटी, संदीप अवाना, उमेश गुप्ता, धनकड़, कालीचरण प्रजापति, हेमंत प्रजापति, विनीत प्रजापति, पिंटू यादव आदि मौजूद रहे।

## जानलेवा! स्लीपर बसों में छेड़छाड़ कर 47 की जगह लगा रहे 65 सीट




**नोएडा (चेतना मंच)।** निजी बस संचालक अतिरिक्त लाभ कमाने के चक्कर में बसों की मूल डिजाइन में छेड़छाड़ कर हर दिन हजारों मुसाफिरों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। परिवहन विभाग की जांच में बस संचालकों का यह खेल उजागर हुआ है। बीते दो माह में ऐसी 167 स्लीपर बस पकड़ गई हैं।

इसमें नागालैंड, दमन दीव, अरुणाचल प्रदेश, बिहार की बसें शामिल हैं। इन राज्यों में बसों की डिजाइन के लिए तय ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एआईएस) कोड में बरती जा रही शिथिलता का बस संचालक लाभ उठा रहे हैं। देश में सभी बसों के लिए अलग-अलग एआईएस डिजाइन कोड है। इसके अनुसार ही सीटों का निर्धारण होता है।

प्राइवेट बसों तय एआईएस 52 कोड के तहत स्लीपर बसों में 30 लेटने वाली या 15 लेटने और 32 बैठने की सीट तय है। बस संचालक अतिरिक्त लाभ कमाने के चक्कर में इसमें बदलाव कर देते हैं। पूर्ण स्लीपर बस में 30 की जगह 36 लेटने वाली सीट लगा देते हैं। वहीं, मिश्रित बस में 15 स्लीपर के साथ बैठने वाली 18 अतिरिक्त सीट लगा दे हैं। इससे बैठने वाली यात्रियों की संख्या 32 से 50 हो जाती है।

बस में यात्रियों की कुल संख्या 47 से बढ़कर 65 हो जाती है। इससे बस में अतिरिक्त भार होने से पटलने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही सीट बढ़ाने के लिए आपातकाल द्वार बंद देते हैं। एक स्लीपर बस में चार आपातकाल द्वार होते है।

आग लगने या हादसा के समय यह खतरनाक हो जाता है। यह बसें दिल्ली से बिहार और पूर्व उत्तर प्रदेश के अलग-अलग शहरों के लिए चलती है। यात्रियों की जान जोखिम में डालने के साथ यह परिवहन निगम को राजस्व का भी नुकसान पहुंचाते है।

## पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में लगी गोली



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की देर रात पुलिस में बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मोटरसाइकिल पर सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों घायल आरोपितों को अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनका उपचार चल रहा है। बिसरख कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि अजनारा ली गार्डन चौराहे के समीप पुलिस जांच कर रही थी। तभी मोटरसाइकिल पर दो युवक आते दिखाई दिए रोकने का प्रयास करने पर युवकों ने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की।

## अवैध खनन तथा ओवरलोड वाहनों पर हुई बड़ी करवाई

### "अब तक 197 वाहनों का चालान वा कारवाई, एक करोड़ से अधिक जुर्माना वसूला





**नोएडा (चेतना मंच)।** शासन ने ओवर लोड संचालित वाहनो और खनन सामाग्री के अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी ,परिवहन , खनन विभाग की जिला स्तरीय कार्यबल द्वारा ओवरलोड / अवैध परिवहन के विरुद्ध संयुक्त रूप से प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। अभियान में राजस्थान, हरियाणा से रोडी, गिट्टी ,रेता लादकर गौतमबुद्धनगर आने वाले 12 और अन्य सामान ढोने वाली 5 ओवर लोड कुल 17 ओवर लोड वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई ।

यह कार्यवाही कालिंदी कुंज, सिरसा चौकी / गंगौर चौकी, नालेज पार्क, परी चौक,जीरो पॉइंट पर की गई और ओवर लोड वाहनों में थाना सेक्टर-126 कालिंदी कुंज में 5, चौकी सिरसा में 6, चौकी गंगौर में 5, और नालेज पार्क में 1 वाहनों को निरुद्ध किया गया।

कार्यवाही में वाहनों में ओवर लोड माल परिवहन के अतिरिक्त कई वाहनों में पंजीयन चिन्ह अस्पष्ट होने और निर्माण सामाग्री त्रिपाल से ढका न होने, रेफलेक्टर न लगा होने के , फिटनेस / परमिट प्रमाणपत्र न होने व कर न जमा होने कारण प्रवर्तन की कार्यवाही की गई।

अभियान में उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव/ उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा,ए आर टीओ प्रवर्तन डॉ उदित नारायण, अभिषेक कनौजिया, विपिन चौधरी जिला खनन अधिकारी उत्कर्ष त्रिपाठी सहित पुलिस और प्रवर्तन कर्मी शामिल रहे। परिवहन विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए रू 9 लाख 39 हजार प्रशमनशुल्क और कर आरोपित किया गया।

अगस्त माह में परिवहन विभाग द्वारा कुल 197 ओवर लोड वाहनों का चालान बंद करते हुए 1 करोड़ 1 लाख 19 हजार 9 सौ 60 रूपये प्रशमन शुल्क आरोपित किया गया। जिसमें 135 वाहनों से रू 68 लाख 3 हजार 110 की वसूली की गई तथा 62 वाहनों से 33 लाख 16 हजार 850 रू वसूली शेष है। वाहनों का ओवर लोड में चालान कर सभी चालकों के ड्राइविंग लाइसेन्स निलंबन और परमिट निलंबन की संस्तुति की गई।

## खजाने पर बोझ

सवाल तनख्वाह से शुरू होकर इसी पर खत्म हो रहा है। जिस तनख्वाह में ओपीएस जोडकर कांग्रेस सरकार बनी, उसी की बदौलत मंत्री और सीपीएस को दो महीने का वेतन विलंबित लेना पड़ रहा है, लेकिन तस्वीर यहां मुकम्मल नहीं होती। तनख्वाह तुरंत न लेने का फैसला सांकेतिक तौर पर बता रहा है कि खजाने ने बोझ उठाना मना कर दिया या यह कि अब सरकार अपने चरित्र से अपव्ययता के निशान हटा देगी। कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री के आईटी सलाहकार एवं कैबिनेट रैंक प्राप्त गोकुल बुटेल ने अपनी तनख्वाह की 'गोटी' छोड़ दी। इस तरह वह सरकारी खजाने के सामने 'व्हिसिल ब्लोअर' की तरह प्रकाश में आ गए। मसला तनख्वाह छुड़वाने का ही होता तो कई उपाय हो सकते हैं, लेकिन यहां फिजूलखर्चियों के दामन में आग लगी है और झुलसने की ताकीद में लक्षण उभर रहे हैं। एक ओर केंद्र से असहयोग की परिपाटी में तू तू-मैं मैं से घिसटती आर्थिकी और ऊपर से गुरबत में गुलकंद बांटने की प्रथा ने हिमाचल में केंचुली फंसा दी है। तीन दिन पहले देश के प्रधानमंत्री स्मार्ट सिटी के बाद 12 औद्योगिक स्मार्ट शहर बनाने के लिए 28602 करोड़ का ऐलान करते हुए हिमाचल को धत्ता बताते हैं। हमारे पड़ोस और पर्वतीय प्रदेश उत्तराखंड तथा पंजाब को इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी मिल रहे हैं, लेकिन केंद्र में चारों सांसद भेजने वाले हिमाचल को ऐसी बहार नहीं मिली। कहना न होगा कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने औद्योगिक पैकेज देकर हिमाचल को औद्योगिक क्षेत्र में चलना सिखाया था, लेकिन मोदी सरकार अब घुटनों पर ला रही है। आश्चर्य यह कि कांग्रेस से एक सांसद छीन कर भाजपा ले गई और चुनावी पलकों से भी कांग्रेस की हिम्मत छीन ली, फिर भी कसूरवार हिमाचल को बनाया जा रहा है। पर्वतीय अस्मिता के भूगोल में फंसा अर्थशास्त्र अपनी जान कैसे बचाएगा। ऐसे में अनुराग ठाकुर से पूछें या जगत प्रकाश नड्डा के प्रकाश में चंद किरणें वसूलें, लेकिन हकीकत यह है कि हिमाचल की केंद्र में वकालत रुक गई है या शिमला में सरकार की मशीनरी हिल गई है। बहरहाल सियासत के दोनों पाट दोषी हैं या सारा डिस्कोर्स ही बदले ले रहा है। विधानसभा की कार्यवाहियों में होते संग्राम और शिमला से दरकिनार होती प्रदेश की आवाज को आखिर सुनेगा कौन। इसीलिए आज तक न शासन, न प्रशासन, और न ही आर्थिक व्यवस्था के आदर्श बने। हमें मंडी में मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए कार्यालय चाहिए, तो नए विकास की कहानी पर चप्पा चप्पा चल रहे देहरा को सत्ता की निशानी चाहिए। सूखे होंगे बरगद के पेड़ जहां खजाना रखा था, हमने तो बाढ़ में डूबकर प्यास बुझानी सीख ली। हिमाचल में सियासी प्यास और सत्ता के पियाऊ जहां तहां दिखाई देते हैं, वहां हर सरकार के जुर्म में आर्थिक हंडियों ने इज्जत गंवाई है। एक कमजोर-आर्थिक संसाधनविहीन राज्य की मिलकीयत में आर्थिक खुशहाली छीनते वर्गों के बीच असहाय निजी क्षेत्र, वहां उपलब्ध नौकरियां और बेरोजगार होते युवाओं के लिए क्या मंत्री व सीपीएस की घोषणाएं कभी बोलती हैं या कुछ सोचकर तौलती हैं। हम अंधेरे में सोने की खान ढूंढ रहे हैं। हमें ताज पहनने की आदत है, इसलिए कुछ अंधे-बहरे स्कूल-कालेज, संवेदनहीन चिकित्सालय और घाटे के बजट को झूठा ठहराने के लिए नए-नए कार्यालय खोल दिए जाएंगे। मानसून सत्र में दोनों पक्ष शपथ लेकर आर्थिक संवाद कर लें, ताकि पता चले कि जहां मुर्गियां हलाल हुईं, वहां खून क्यों इनसान का बहा।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि श्री पार्वतीजी और शिवजी के विवाह के बाराती इस नदी में बहुत प्रकार के असंख्य जलचर जीव हैं। श्री रघुनाथजी के जन्म की आनंद-बधाइयाँ ही इस नदी के भँवर और तरंगों की मनोहरता है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सानुज राम बिबाह उछाहू। सो सुभ उमग सुखद सब काहू॥**
**कहत सुनत हरषहिं पुलकाहीं। ते सुकृती मन मुदित नहाहीं॥**

भाइयों सहित श्री रामचंद्रजी के विवाह का उत्साह ही इस कथा नदी की कल्याणकारिणी बाढ़ है, जो सभी को सुख देने वाली है। इसके कहने-सुनने में जो हर्षित और पुलकित होते हैं, वे ही पुण्यात्मा पुरुष हैं, जो प्रसन्न मन से इस नदी में नहाते हैं॥

**राम तिलक हित मंगल साजा। परब जोग जनु जुरे समाजा।**
**काई कुमति केकई केरी। परी जासु फल बिपति घनेरी॥**

श्री रामचंद्रजी के राजतिलक के लिए जो मंगल साज सजाया गया, वही मानो पर्व के समय इस नदी पर यात्रियों के समूह इकट्ठे हुए हैं। कैकेयी की कुबुद्धि ही इस नदी में काई है, जिसके फलस्वरूप बड़ी भारी विपत्ति आ पड़ी॥

**दो0-समन अमित उतपात सब भरत चरित जपजाग।**
**कलि अघ खल अवगुन कथन ते जलमल बग काग॥**

संपूर्ण अनगिनत उत्पातों को शांत करने वाला भरतजी का चरित्र नदी तट पर किया जाने वाला जपयज्ञ है। कलियुग के पापों और दुष्टों के अवगुणों के जो वर्णन हैं, वे ही इस नदी के जल का कीचड़ और बगुले-कौए हैं॥

(क्रमशः..)

# विकास-रोजगार से सियासी खेल बदलने की तैयारी



उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में जीत दर्ज करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद को पूरी तरह सक्रिय कर लिया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को प्रदेश में बड़े झटके का सामना करना पड़ा था, जिससे अब ये उपचुनाव पार्टी के लिए बेहद अहम हो गए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने 15 अगस्त के बाद से लगातार अलग-अलग जिलों का दौरा करके बीजेपी के लिए जीत की रणनीति तैयार करना शुरू कर दिया है। उन्होंने रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को साधने और विकास परियोजनाओं के जरिए जनता की नाराजगी दूर करने का प्रयास किया है, ताकि बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाया जा सके।

उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में मीरापुर, गाजियाबाद, अलीगढ़ की खैर, करहल, कुंदरकी, फूलपुर, मिल्कीपुर, कटेहरी, मझवां और सीसामऊ जैसी सीटें शामिल हैं। इनमें से नौ सीटें 2024 के लोकसभा चुनाव में विधायकों के सांसद बनने के कारण खाली हुईं, जबकि सीसामऊ सीट समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी के सजा होने के कारण खाली हुई है। 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने इनमें से तीन सीटें जीती थीं, जबकि पांच सीटें समाजवादी पार्टी के पास थीं। शेष दो सीटों पर राष्ट्रीय लोकदल और निषाद पार्टी के विधायक काबिज थे।

बीजेपी के लिए ये उपचुनाव सिर्फ अपनी तीन सीटों को बचाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सपा के दबदबे वाली सीटों पर विजय हासिल करके 2024 के लोकसभा चुनाव में हुए नुकसान की भरपाई करने का अवसर भी हैं। लोकसभा चुनाव में बीजेपी को छह सीटों पर सपा से कम वोट मिले थे, जिससे पार्टी की चिंता बढ़ गई थी। यही कारण है कि बीजेपी ने इन उपचुनावों को 2027 के विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल माना है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस चुनावी अभियान को प्राथमिकता दी है। उन्होंने खुद मैदान में उतरकर सियासी माहौल बनाने का मिशन शुरू कर दिया है।

मुख्यमंत्री योगी ने 15 अगस्त के बाद से प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा शुरू किया। अंबेडकर नगर से इस अभियान की शुरुआत हुई और इसके बाद अयोध्या, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़ और कानपुर जैसे महत्वपूर्ण जिलों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रोजगार मेलों का आयोजन कर युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए और विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। हर जिले में पांच हजार से लेकर 17 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, जिससे बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की गई है। योगी आदित्यनाथ उपचुनाव वाले उन जिलों का दौरा कर रहे हैं, जहां रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन मेलों में युवाओं को मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। इसके अलावा, योगी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी कर रहे हैं। उन्होंने लाभार्थीपरक योजनाओं के प्रमाण पत्र और छात्रों को टैबलेट्स वितरित किए हैं। इससे स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री योगी ने उपचुनाव वाली सीटों पर बीजेपी के लिए मजबूत आधार तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

बीजेपी की रणनीति में विकास, रोजगार और संवाद को मुख्य हथियार बनाया गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को युवाओं की बेरोजगारी को लेकर मिली नाराजगी का सामना करना पड़ा था, जो पार्टी की हार का एक प्रमुख कारण बना। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोजगार मेलों का आयोजन कर युवाओं को साधने की कोशिश की है। इन मेलों के माध्यम से युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे उनकी नाराजगी को कम किया जा सके।

मुख्यमंत्री योगी ने अपनी जनसभाओं में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखे हमले किए हैं। उन्होंने हिंदुत्व के एजेंडे को भी बढ़ावा देने का प्रयास किया है, ताकि बिखरे हुए हिंदू वोटों को एकजुट किया जा सके। योगी आदित्यनाथ ने हर जिले में उपचुनाव वाली सीटों के नेताओं के साथ बैठकें कीं और पार्टी की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने न केवल राजनीतिक मोर्चे पर बल्कि शासन स्तर पर भी तैयारी की है, जिससे बीजेपी की जीत सुनिश्चित हो सके।

**मुख्यमंत्री योगी ने 15 अगस्त के बाद से प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा शुरू किया। अंबेडकर नगर से इस अभियान की शुरुआत हुई और इसके बाद अयोध्या, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़ और कानपुर जैसे महत्वपूर्ण जिलों का दौरा किया।**

योगी आदित्यनाथ ने इन 10 सीटों पर जीत की जिम्मेदारी खुद संभाल ली है। उन्होंने दोनों डिप्टी सीएम और प्रदेश अध्यक्ष को भी इस चुनावी अभियान में शामिल किया है, जिनके जिम्मे दो-दो विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने अपनी कैबिनेट के मंत्रियों को भी मैदान में उतार दिया है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में बीजेपी के लिए जीत सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। इन उपचुनावों में बीजेपी के सामने सबसे बड़ी चुनौती सपा की मजबूत सीटें हैं। करहल, कुंदरकी, कटेहरी, मिल्कीपुर और सीसामऊ जैसी सीटें बीजेपी के लिए कठिन मानी जा रही हैं। इसके अलावा, मझवां, मीरापुर और फूलपुर जैसी सीटें भी पार्टी के लिए आसान नहीं हैं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी टीम पूरी तरह से इन सीटों पर फोकस कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस चुनावी अभियान को गंभीरता से लेते हुए पूरी ताकत झोंक दी है। रोजगार, विकास और संवाद के माध्यम से बीजेपी की रणनीति को मजबूत किया जा रहा है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मुख्यमंत्री योगी की यह मेहनत बीजेपी को उपचुनावों में कितनी सफलता दिला पाती है और पार्टी इस जंग को कैसे फतह करती है। - **अजय कुमार**

# कोलकाता रेप-मर्डर केस ने फिर उजागर की प्रशासनिक कमजोरियां

दिल्ली निर्भया बलात्कार हत्याकांड के लगभग 12 वर्ष बाद कोलकाता रेप-मर्डर केस की पुनरावृत्ति भारतीय जनतांत्रिक प्रशासनिक व्यवस्था पर गम्भीर सवाल खड़ा करती है। वहीं, इन दोनों मामलों को जरूरत से ज्यादा तूल देने और अन्य समकक्ष घटनाओं की उपेक्षा करने में हमारे राजनेताओं और मीडिया की भूमिका भी संदेह के कठघरे में है! कोलकाता के आर.जी.कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर की रेप और हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल में जिस तरह की राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ी हुई हैं, उससे हर कोई भयभीत नहीं तो चिंतित अवश्य लग रहा है, क्योंकि यह सबकुछ भारत की सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले कोलकाता में घट रहा है, जिससे देर-सबेर हमारी संस्कृति भी अछूती नहीं बचेगी।

लिहाजा, सुलगता हुआ सवाल यह है कि आखिर में ऐसी बदसूरत घटनाएं कब तक थमेंगी? और यदि नहीं रुकेंगी तो फिर समकालीन संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था की जरूरत ही क्या है? क्योंकि यह व्यवस्था सबके वेतन-भत्ते की गारंटी तो देता है, लेकिन किसी भी बड़ी या छोटी लापरवाही के बाद जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय नहीं करता है! यही वजह है कि सत्ताधारी वर्ग मजे में रहता है और जनता बिल्कुल अनाथ की मानिंद। इसलिए अकसर यह सवाल जेहन में उठता है कि आखिर में क्यों नहीं उस वैकल्पिक प्रशासनिक व्यवस्था पर विचार किया जाए, जहां इस तरह के जघन्य अपराध करने की हिमाकत ही कोई कर नहीं पाए। क्या यह संभव है? नई विश्व व्यवस्था के नजरिए से कतई असंभव नहीं है।

आपने देखा होगा कि एक ओर तृणमूल कांग्रेस नेत्री और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कह चुकी हैं कि पश्चिम बंगाल में आग लगाने की साज़िश हो रही है। अगर पश्चिम बंगाल जलेगा तो असम, पूर्वोत्तर राज्य, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे। वहीं, दूसरी ओर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का बयान आया है कि चिंतित हूँ और डरी हुई हूँ। इससे इस मामले की गम्भीरता और ज्यादा बढ़ चुकी है। सबको अंदेशा है कि पश्चिम बंगाल की नाजुक परिस्थितियों के मद्देनजर वहां पर कभी भी राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है, जो जरूरी भी है, वहां के निरन्तर घट रहे घटनाओं के मद्देनजर। विरोध-प्रदर्शन, बंद और हिंसा की घटनाओं के बीच प्रदेश के राज्यपाल सीवी आनंद बोस जब दिल्ली के लिए रवाना हो गए, तो इससे इन अटकलों को और अधिक बल मिला है।

बता दें कि गत गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार और वरिष्ठ नेताओं ने राज्यपाल से मुलाक़ात कर एक ज्ञापन




सौंपा था और उनसे 'अनुरोध' किया था कि वह पश्चिम बंगाल में 'संवैधानिक मूल्यों की रक्षा' करें। इससे पहले गत 27 अगस्त को राज्यपाल ने भी एक बयान जारी कर 'पश्चिम बंग छात्र समाज' के बुलाए गए 'नबन्ना मार्च' (सचिवालय पर प्रदर्शन) के दौरान हुई हिंसा को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की थी।

लिहाजा, यहां पर एक और सुलगता हुआ सवाल उठता है कि क्या दिल्ली की जमी-जमाई मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को निर्भया कांड की आड़ में 'निपटाने' योग्य माहौल बनाने के बाद अब बंगाल की जमी-जमाई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी कोलकाता दुष्कर्म हत्याकांड के बहाने 'निपटाने' योग्य माहौल बनाने की जिम्मेदारी कतिपय लोगों ने ले ली है, जैसा कि मीडिया के माहौल को देखकर प्रतीत हो रहा है। या फिर यह सब एक लोकतांत्रिक दस्तूर बन चुका है, जो किसी भी घटना के बाद नजर आता है।

आखिर यह कौन नहीं जानता कि देश में चल रहे तमाम तरह के संगठित अपराधों को सत्ताधारी दल और प्रशासनिक महकमे के असरदार लॉबी का परोक्ष शह प्राप्त होता है, जिसकी कड़ी से जुड़े लोग यदा-कदा जघन्य से जघन्य अपराध करने तक से भी कोई गुरेज नहीं करते। इस पूरे प्रकरण में डॉ घोष की चर्चित भूमिका के दृष्टिगत यहां भी कुछ ऐसा ही प्रतीत हो रहा है। इसलिए पुनः यही बात उठी है कि लोकतंत्र और बहुमत जुगाड़ के नाम पर हमारे सत्ताधारी नेता ऐसे तत्वों के खिलाफ आखिर कबतक अपने मुंह बन्द रखेंगे? क्योंकि जब वो विपक्ष में होते हैं तो ऐसे तत्वों के खिलाफ खूब बोलते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन्हें सांप सूंघ जाता है और ऐसे तत्वों के खिलाफ खामोशी की चादर ओढ लेते हैं। इसलिए अब एक ऐसी पारदर्शी व्यवस्था की जरूरत है जहां लोकतंत्र और बहुमत के जुगाड़ के खातिर कोई भी सियासी या सामाजिक व्यक्ति गलत को नजरअंदाज करने की हिमाकत ही नहीं कर पाए और यदि करे भी तो उसकी भारी कीमत चुकाने के लिए तैयार रहे। ऐसी व्यवस्था अभी तो सम्भव प्रतीत नहीं होती!

वहीं, पश्चिम बंगाल की राजनीति पर नज़र रखने वाले बताते हैं कि मुख्यमंत्री के हालिया अटपटे बयानों से यह प्रतीत हो रहा है कि आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में बलात्कार और हत्या की घटना के बाद आम लोगों में पनपे आक्रोश से ममता बनर्जी दबाव में हैं। उन्हें इतने दबाव में पहली बार देखा जा रहा है। वहीं कुछ ऐसे भी हैं, जिन्हें लगता है कि वह इससे जल्द ही उबर जाएंगी। ये सही है कि ये पहली बार नहीं है, जब ममता बनर्जी को आंदोलन का सामना करना पड़ रहा हो, लेकिन वो मानते हैं कि इस बार वो दबाव में इसलिए दिख रही हैं क्योंकि आम लोगों के बीच उनके शासन चलाने के तरीक़े की आलोचना हो रही है।

खासकर महिलाओं के ख़िलाफ़ अपराध को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार का ये रिकॉर्ड नहीं रहा है कि उसने किसी पीड़िता को इंसाफ़ दिलवाया हो या फिर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वालों को कभी क़ानूनी शिकंजे में जकड़ा हो। इसलिए आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना के बाद आम लोगों और ख़ास तौर पर आम महिलाओं का ग़ुस्सा फूट पड़ा, जिसका तृणमूल कांग्रेस के बड़े नेताओं, राज्य सरकार या ख़ुद ममता बनर्जी को अंदाज़ा नहीं था।

बताया गया है कि जिस तरह से कोलकाता पुलिस की भूमिका इस मामले को लेकर रही, जैसे एफ़आईआर दर्ज करने में देरी, पीड़िता के माता-पिता को ग़लत जानकारी दिया जाना या फिर घटना में 'सिविल वॉलंटियर' का शामिल होना-ये सब लोगों के ग़ुस्से को बढ़ाता रहा। कई चीज़ें एक साथ हुईं। जैसे मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और अन्य वरिष्ठ प्रशासकों की भूमिका। फिर अभियुक्त संजय राय पुलिस का ही हिस्सा है, बतौर एक सिविल वॉलंटियर। फिर 14 और 15 अगस्त की दरमियानी रात में आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में विरोध कर रहे जूनियर डॉक्टरों पर जो भीड़ का हमला हुआ, उससे कोलकाता पुलिस की छवि तो ख़राब हुई ही साथ ही पश्चिम बंगाल सरकार भी आम लोगों के सवालों के घेरे में आ गई।

एक ओर कोलकाता रेप-मर्डर केस के बाद भाजपा सड़कों पर है तो इस मामले पर ममता की पार्टी में बाग़ी रुख़ के बीच अभिषेक बनर्जी की चुप्पी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कोलकाता में ममता सरकार के ख़िलाफ़ विरोध-प्रदर्शन लगातार जारी है। पीड़िता के परिवार और जूनियर डॉक्टरों के आक्रोश के बावजूद आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष पर प्रशासनिक कार्रवाई ना करते हुए, उनको कोलकाता नेशनल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का प्रिंसिपल बना दिया गया। वो भी तब जब उनके ख़िलाफ़ 'प्रशासनिक अनियमितताओं' के आरोपों की लिखित शिकायत राज्य सरकार के पास मौजूद थी।

यही वजह है कि पश्चिम बंगाल सरकार के रुख़ को लेकर कोलकाता हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी तल्ख टिप्पणियां कीं। इससे लोगों के बीच राज्य सरकार और ममता बनर्जी को लेकर आक्रोश भड़क गया। ऐसा पहली बार भी हुआ है कि आम लोगों के साथ-साथ, अलग-अलग ही सही, सभी विपक्षी दल, जैसे कांग्रेस और वाम दलों ने भी ममता बनर्जी के ख़िलाफ़ इस घटना के बाद मोर्चा संभाला। दरअसल प्रशासन के ख़िलाफ़ लोगों का जो ग़ुस्सा फूट पड़ा, वह सिर्फ़ एक घटना की वजह से नहीं है बल्कि कई मुद्दे हैं, जिनको लेकर लोगों में आक्रोश पहले से ही पनप रहा था।

जानकार बताते हैं कि पार्टी के अंदर ही अभिषेक बनर्जी ने कई बार यह मुद्दा उठाया कि राज्य प्रशासन ठीक से काम नहीं कर रहा है। प्रशासन जिस तरह से चल रहा है, उसको लेकर भी लोगों में पहले से ही ग़ुस्सा था। जैसे जन प्रतिनिधियों की थाना प्रभारियों और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के सामने कुछ चलती ही नहीं थी।वैसे देखा जाए तो पश्चिम बंगाल में लोगों का राजनीतिक दलों पर से ही भरोसा कम होता जा रहा है। क्योंकि किसी भी राजनीतिक दल के नेताओं की भाषा अगर आप सुनें तो एक तरह से उकसाने वाली भाषा बोलते हैं। - **कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार**

# राशिफल

**भाद्रपद कृष्ण पक्ष : चतुर्दशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
जुबान अनियंत्रित न करें। पूंजी का निवेश अभी न करें। बाकि स्वास्थ्य ठीक ठाक, प्रेम-संतान अच्छा व व्यापार अच्छा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य बहुत अच्छा। प्रेम, संतान का साथ। व्यापार बहुत अच्छा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य नरम गरम बना रहेगा। मन चिंतित रहेगा। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आय में आशातीत बढ़ोतरी होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। प्रेम-संतान का साथ व व्यापार बहुत अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य बहुत अच्छा, प्रेम-संतान मध्यम व व्यापार बहुत अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार अच्छा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
कोई रिस्क न लें। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान ठीक ठाक। व्यापार ठीक ठाक।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
नौकरी चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी है। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। व्यापार की स्थिति बहुत अच्छी है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
परेशानी रहेगी चाहे स्वास्थ्य का मामला हो या साथ का मामला हो। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य ठीक ठाक। प्रेम, संतान मध्यम ।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है लेकिन गृहकलह भी संभव है। स्वास्थ्य मध्यम।

## किसानों ने प्राधिकरण के अधिकारियों को दी चेतावनी

**नोएडा।** किसानों की समस्याओं को निस्तारण करने के लिए शासन के निर्देश पर हाई पावर कमेटी गठित हुई थी, लेकिन इस कमेटी की रिपोर्ट नहीं आने पर किसानों में कड़ा ऐतराज जताया है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ग्रुप के किसानों ने नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर सीईओ डॉ. लोकेश एम के साथ बैठक की।




इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कमेटी की रिपोर्ट नहीं आती तो किसान बड़ा आंदोलन करेंगे। इसके जिम्मेदार स्वयं अधिकारी होंगे। किसानों की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही है, लेकिन शासन प्रशासन समाधान करने को तैयार नहीं है।

सभी किसानों को पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत भूखंड, किसानों की भूमि अधिग्रहण व सहमति प्रतिकर में बढ़ोतरी, 50 प्रतिशत व्यावसायिक गतिविधि, आबादियों का संपूर्ण निस्तारण, क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार, पुश्तैनी गैर पुश्तैनी का भेदभाव खत्म, प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों का स्मार्ट विलेज के तहत सुंदरीकरण कराया जाए।

याकूबपुर, गुलावली, सिलारपुर, नंगली वाजिदपुर, नवादा, वजीदपुर गांवों में बारात घर, सीवर, पानी, पार्क का निर्माण कराया जाए। इस मौके पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार खत्री, भूलेख विभाग ओएसडी महेंद्र प्रसाद, क्रांति शेखर सिंह, जन स्वास्थ्य विभाग महाप्रबंधक एसपी सिंह व नियोजन विभाग महाप्रबंधक मीना भार्गव, सिविल विभाग उप महाप्रबंधक विजय कुमार रावल, किसान नेता राबिन नागर समेत अन्य मौजूद रहे।

बिल्डरों के चंगुल में फंसे तीन लाख फ्लैट खरीदारों को जल्द से जल्द राहत दिलाने और आशियाने का मालिकाना हक के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। जिन बिल्डरों को प्राधिकरण का नुकसान कर अब तक अधिकारियों व कर्मचारियों ने लाभ पहुंचायाहे। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे आम जन का विश्वास शासन सतर पर मजबूत हो।

यह आदेश लोक लेखा समिति (पीएसी) ने शासन को दिया है, स्पष्ट किया है कि सचिव स्तर की दो जांच कमेटियों का गठन किया जाए। इसमें से एक जांच कमेटी ग्रुप हाउसिंग और दूसरी स्पोर्ट्स सिटी के प्रकरण का निपटान करे। यहीं नहीं इन्हीं कमेटियों की ओर से दोषियों को चिह्नित करने का काम भी होगा।

इन प्रकरण की जांच रिपोर्ट दो माह में पीएसी के सामने रखनी होगी। बृहस्पतिवार को लखनऊ में लोक लेखा समिति (पीएसी) की ओर से स्पोर्ट्स सिटी, ग्रुप हाउसिंग, व्यावसायिक, नियोजन विभाग से जुड़े कामकाज पर लगी कैग (सीएजी) की आपत्तियों के निस्तारण के लिए नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों को बुलाया था।

## भाजपा किसान मोर्चा की बैठक



**नोएडा।** भाजपा किसान मोर्चा नोएडा द्वारा शनिवार को जिला कार्यालय सेक्टर 116 में बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा नोएडा महानगर ओमवीर अवाना के द्वारा की गई। कार्यक्रम का प्रभारी अभय त्यागी को बनाया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य था कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान की सूचना देना और नए सदस्य जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना।

ओमवीर अवाना ने कहा हमारे भाजपा परिवार के लिए एक नई पहल के साथ हम एक महत्वपूर्ण अभियान की शुरूआत कर रहे हैं- सदस्ता अभियान।

इस अभियान का उद्देश्य भाजपा के सिद्धांतों और नीतियों के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना और भारतीय जनता पार्टी से जोड़ना है। सदस्यता अभियान के तहत, हमारा लक्ष्य है कि हम अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ें। आज के समय में, जब विश्वभर में लोकतंत्र की बातें हो रही हैं, हमें यह समझना होगा कि एक मजबूत और संगठित पार्टी ही समाज में सच्चे परिवर्तन ला सकती है। हमें गर्व है कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, और इसे बनाए रखने के लिए हमें निरंतर नए सदस्य जोड़ने होंगे। बैठक में घनश्याम यादव, मुक्तानंद प्रधान, रोहित शर्मा, इंद्राज खटाना, संदीप उपाध्याय, दिनेश चौहान, अजय यादव, अभय त्यागी, विनय द्विवेदी, प्रदीप त्यागी,सतपाल अवाना, विजय अवाना, रविंद्र यादव, प्रदीप त्यागी, सुभाष चौहान, विष्णु शर्मा, मुकेश शर्मा, दुर्गेश कुमार, लीलू अवाना, प्रदीप शर्मा, ललित प्रजापति, उमेश यादव, सुभाष वाल्मिकी, मांगेराम शर्मा, उमेश भाटी, लोकेश आदि उपस्थित रहे।

## यमुना एक्सप्रेस-वे से फिल्म सिटी के लिए सीधी कनेक्टिविटी

### 'स्लिप रोड' के निर्माण से आवाजाही होगी सुगम

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 21 के फिल्म सिटी के लिए यमुना एक्सप्रेसवे से सीधे कनेक्टिविटी दी जाएगी। इसके लिए यमुना प्राधिकरण स्लिप रोड का निर्माण करेगा। प्राधिकरण स्लिप रोड के लिए जल्द ही निविदा प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। स्लिप रोड के जरिए फिल्म सिटी जाने वाले लोगों के अलावा वाहनों की आवाजाही भी सुगम हो जाएगी।

यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का निर्माण किया जा रहा है। इसके निर्माण की जिम्मेदारी यमुना प्राधिकरण ने बेव्यू प्रोजेक्ट और भूटानी समूह को सौंपी है। फिल्म सिटी का पहला चरण 230 एकड़ में होगा। इसमें फिल्म निर्माण से साथ-साथ, इंस्टिट्यूट स्टूडियो, आउटडोर लोकेशन, मॉल आदि अन्य सुविधाएं विकसित की जाएगी।

फिल्म सिटी तक आवाजाही को आसान बनाने के लिए यमुना प्राधिकरण ने स्लिप रोड बनाने का फैसला किया है । इसके जरिए फिल्म सिटी सीधे यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगी।

यमुना प्राधिकरण सीईओ डॉक्टर अरुणवीर सिंह का कहना है कि फिल्म सिटी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों के साथ-साथ भारी माल की आवाजाही होगी। 60 मीटर चौड़ी रोड से फिल्म सिटी तक भारी वाहनों की आवाजाही से भविष्य में यातायात को लेकर अड़चन हो सकती हैं। इसलिए स्लिप रोड बनाकर फिल्म सिटी को सीधे यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा।

स्लिप रोड के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू हो जाएगी। ज्ञात हो कि फिल्म सिटी परियोजना कल 1000 एकड़ में प्रस्तावित है। प्राधिकरण को फिल्म फिल्म सिटी को होने वाली कमाई से 18 प्रतिशत का राजस्व प्राप्त होगा । इसके निर्माण से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के साथ-साथ पर्यटन की गतिविधियां में तेजी आएगी।

## नोएडा पंजाबी समाज ने लगाया फ्री 'एक्यूप्रेशर-एक्यूपंचर' कैंप





**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा पंजाबी समाज ने आरोग्य हीलिंग सेंटर के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर-12 में फ्री एक्यूप्रेशर एक्यूपंचर कैंप का आयोजन किया गया। जिसके अंदर सर्वाइकल, फ्रोजन शोल्डर, पैरालिसिस, माइग्रेन लंबर स्पॉन्डिलाइटिस, अर्थराइटिस, टेलबॉन पेन , साइनसाइटिस पीठ का दर्द, सयाटिका, स्लिप डिस्क, वेरीकोज वेनस डेफ एंड डंब चिल्ड्रन इन सभी रोगों से पीड़ित लोगों का फ्री इलाज किया गया।

130 लोगों ने लाभ उठाया नोएडा पंजाबी समाज के जनरल सेक्रेटरी टी. ऐस अरोड़ा का कहना है कि नोएडा पंजाबी समाज जगह-जगह पर इस प्रकार के फ्री एक्युप्रेशर एंड एक्यूपंचर कैंप लगता रहेगा। अगला कैंप 8 सितंबर गुरुद्वारा सेक्टर-25 में, 15 सितंबर कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-30 में, 22 सितंबर गुरुद्वारा सेक्टर-37, 23 सितंबर सनातन धर्म मंदिर सेक्टर-39 में लगेगा।

## सैक्टर-62 रजत विहार में मनाई श्रीकृष्ण छठी



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-62 स्थित रजत विहार सी ब्लॉक शिव शक्ति मंदिर में कृष्ण छठी धूम धाम से मनाया गया। पंडित पुजारी घनश्याम चतुर्वेदी ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी के 6 दिन कृष्ण छठी मनाई जाती है। मंत्रो उच्चारण के साथ लड्डू गोपाल को पंचामृत और गंगाजल से स्नान कराया गया और इसके बाद उन्हें साफ कपड़े पहनाएं और उनका श्रृंगार किया गया । महिलाओ द्वारा भाजन कीर्तन किया गया छठी के दिन कान्हा जी को स्नान आदि करवाकर पीले रंग के वस्त्र पहनाया गया और फिर कढ़ी-चावल का भोग अर्पित किया गया। इस दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष आरके पांडे सहित अन्य सदस्य और आरडब्ल्यूए प्राधिकारी मोजूद रहे।

## पाँच सितंबर को लखनऊ में करो-मरो के नारे के साथ होगा शिक्षा मित्र आंदोलन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ विकासखंड जेवर की बैठक बीआरसी केंद्र पर आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष जगवीर भाटी ने की तथा संचालन ब्लॉक अध्यक्ष रवि करण के द्वारा किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला संयुक्त मंत्री अशोक शर्मा ने कहा कि 5 सितंबर को राजधानी लखनऊ के इकोगार्डन में होने बाला धरना प्रदर्शन शिक्षामित्रों के जीवन में मील का पत्थर साबित होगा । ब्लॉक के सभी शिक्षामित्र साथी आंदोलन में सम्मिलित होने के लिए चलने की तैयारी अभी से शुरू कर दें । पाँच सितंबर का कार्यक्रम बहुत ही ऐतिहासिक होगा शिक्षामित्रों में रोष ब्याप्त है सरकार द्वारा लगातार की जारी उपेक्षा से शिक्षामित्र आक्रोश में हैं अब आश्वासन नहीं स्थाई समाधान चाहिए ।



ब्लॉक महामंत्री खेमानंद शर्मा कहा कि ये निर्णायक आंदोलन होने जा रहा है सभी शिक्षामित्र पूरी तैयारी के साथ चलें सरकार 2017 से गुमराह कर रही है इन 7 सालों में सरकार ने शिक्षामित्रों को सिवाय आँशुओं के कुछ नहीं दिया है अब हमारे पास कोई और रास्ता शेष नहीं रह गया है प्रेमपाल सिंह ने कहा संगठन द्वारा सरकार के साथ सामंजस्य बनाने के लिए अपने स्तर से हर सम्भव प्रयास किया गया लेकिन सरकार की तरफ से कोई संतोषजनक जबाब सुनने को नहीं मिला है। शैलेंद्र सिंह ने कहा कि विगत 7 साल से प्रतिमाह मिलने बाले मानदेय में कोई वृद्धि नहीं की गयी है जबकि स्वयं मुख्यमंत्री दो बार घोषणा कर चुके हैं। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष हेमलता ने कहा कि महँगाई के इस दौर में अल्प मानदेय में परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो रहा है । इस बीच में अपने भविष्य की चिंता में आर्थिक तंगी, मानसिक अवसाद, ह्रदयघात यथा आत्महत्या कर अब तक हजारों शिक्षामित्र असामयिक ही दम तोड़ चुके हैं यह शिलशिला लगातार जारी है ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय राज सिंह ने कहा फिर भी सरकार की तरफ से कोई उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है इसलिए अब हमारे पास संघर्ष ही अंतिम विकल्प है सभी शिक्षामित्र पूरी तैयारी के साथ चलें जबतक सरकार हमारी माँगों को पूरा नहीं कर देती आंदोलन अनवरत जारी रहेगा।

ब्लॉक मंत्री प्रदीप कुमार ने कहा इस बार हम खाली हाथ लौटकर बापिस नहीं आएंगे । ब्लॉक संरक्षक तूरसनपाल सिंह ने कहा शिक्षामित्र साथी अपने हक,हकूकों की आवाज को बुलंद करने और इस अंधी, गूंगी, बहरी संवेदनहींन सरकार से अपने 24 साल का हिसाब लेने 5 सितंबर को लखनऊ जा रहे हैं जो कुछ भी प्राप्त होगा संघर्ष के बल पर ही होगा।

बैठक में तरुण पवार कुसुम निशा शर्मा सुधा मंजू सिंह रेखा रानी राजीव शर्मा शिवकुमार वीरेंद्र कुमार जगदीश शैलेंद्र सिंह अमित विजेंद्र कुमार विजय कुमार राजेश कुमार चेतराम शहनाज कुमार दानवीर शर्मा ममता सविता शर्मा गीता शर्मा नेम देवी हरफूल विमलेश मीनेश शीतल अर्चना देवी वीरपाल सिंह गोपीचंद शर्मा जीतपाल सिंह सहित आदि शिक्षामित्र प्रमुखरूप से उपस्थित रहे।

## किसान सभा का प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।**

किसान सभा ने ग्राम साधोपुर में आबादियों के लीजबैक की कार्रवाई के लिए कैंप का आयोजन करवाया-21 फरवरी को राजस्व परिषद के अध्यक्ष रजनीश दुबे की अध्यक्षता में गौतमबुद्धनगर के अधिग्रहण प्रभावित किसानों के संबंध में मुख्यमंत्री ने सिफारिश देने के वास्ते हाई पावर कमेटी का गठन किया था।

कमेटी को अपनी रिपोर्ट तीन माह के अंदर देनी थी। कमेटी अपनी निर्धारित समय सीमा से 3 महीने से अधिक की देरी से चल रही है। इस दौरान कमेटी ने कई बार सुनवाई कर किसानों एवं प्राधिकरण का पक्ष जाना। किसान सभा किसान परिषद जय जवान जय किसान संगठन ने पूरे दस्तावेजों के साथ सुनवाई में हिस्सा लिया एवं सबूतों को भी जमा किया।




## नोएडा एयरपोर्ट के निर्माण में गए मकान को लेकर खूनी संघर्ष

**ग्रेटर नोएडा।** निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण से विस्थापित होने वाले रन्हेरा गांव में शनिवार को जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने अपने चचेरे भाईयों व बहन पर फावड़े से हमला कर दिया, जिसमें दोनों भाई व बहन घायल हो गए। एक घायल भाई को नोएडा रेफर किया गया है।

पीड़िता बहन की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला सहित तीन नामजद व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार, विस्थापित होने वाले गांव के लोगों को प्रशासन की ओर से प्लॉट, रोजगार राशि व मकान के मूल्यांकन की दो गुना राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि जगवीर व जयभगवान दो भाईयों में से करीब तीस वर्ष पूर्व जगवीर की मौत हो गई थी। इसके बाद जगवीर का बेटा अनिल अपने हिस्से के मकान को गांव के ही एक व्यक्ति को बेचकर खुर्जा में रहने लगा था। कुछ समय बाद गांव के व्यक्ति से जयभगवान ने अपने पैतृक मकान के आधे हिस्से को वापस खरीद लिया था। बीते 23 जुलाई को जयभगवान की भी मौत हो गई।

लगभग दस दिन पहले अनिल कुछ साथियों के साथ सामान लेकर रन्हेरा गांव पहुंचा व मकान में सामान रखकर अपना ताला लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अनिल को हिरासत में लेकर शांतिभंग करने के आरोप में बंद कर दिया।

जयभगवान के दोनों बेटों अवधेश व कुशल को भी मुचलका पाबंद कराकर शांति बनाने रखने की अपील की थी। पुलिस ने अनिल का सामान मकान से निकलवा कर मौके पर यथास्थिति बना दी थी। अनिल भी योजना का लाभ लेना चाहता था, इसलिए गांव के विस्थापन की सूचना पर उसने अपने चाचा जयभगवान से अपने पैतृक मकान का हिस्सा वापस मांगना शुरू कर दिया था। लेकिन चाचा ने खरीदी हुई संपत्ति से हिस्सा देने से मना कर दिया। अनिल ने न्यायालय में भी वाद दायर किया हुआ था।

## मुख्यमंत्री को चुनौती दे डाली एक भू-माफिया ने

### पटवारी-सिपाही ने मिलकर सरकारी जमीन पर डाला डाका

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कितने भी कड़े फैसला भू-माफियाओं के खिलाफ लेते रहे। लेकिन ग्रेटर नोएडा का एक बड़ा भू-माफिया सरकारी जमीन बेचकर मालामाल हो गया। इस पूरे मामले में कुलेसरा में तैनात पटवारी एवं एक सिपाही की भी मिलीभगत बताई जाती है। इसके पूर्व में कुलेसरा पुलिस चौकी में तैनात था। अब वर्तमान समय में मुजफ्फरनगर जिले में तैनात है। पटवारी, सिपाही एवं हाजीपुर निवासी एक भूमाफिया ने ग्राम समाज की 6 बीघे जमीन बेचकर सरकार को चुनौती दे डाली है।

बताते चलें कि कुलेसरा के खसरा संख्या-375, 376 तथा 475 पर करीब 6 बीघे सरकारी जमीन दर्ज है। भू-माफिया ने एक योजना के तहत पटवारी एवं सिपाही से मिलकर ऊंचे दामों पर जमीन को चारदिवारी कर बेच दिया। अब जिला प्रशासन से आला अफसर भू-माफिया सहित पटवारी एवं सिपाही पर कार्रवाई करने से बच रहे हैं। जबकि उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव ने दावा किया है कि मामले की जांच कर कर दोषीजनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

वहीं अब चर्चा होने लगी है कि मुख्यमंत्री के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए भूमाफिया ने सरकार को ही चुनौती दे डाली है। अब देखना यह है कि सिपाही पटवारी एवं भू-माफिया के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हंटर चलता है या नहीं। यह आने वाला समय बताएगा।


### पूर्वोत्तर रेलवे

Website www.ner.indianrailways.gov.in Email-cos@ner.railnet.gov.in

निविदा सूचना संख्या-12 दिनांक 30.08.2024

**ई प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर-273012 कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्ते वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्रम सं. | निविदा सं | खुलने की तिथि | सामग्री का विवरण | आरक्षित श्रोत द्वारा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 28241357 | 07.10.24 | प्री लॅमिनेटेड शेडेड कम्प्रेग (वन साइडेड) ईटीसी | MCF, ICF,RCF |
| 2 | 29230187A | 30.09.24 | डीसी मोटर असेम्बली फार आईआरएसईपीएम ईटीसी | RDSO |
| 3 | 22231809A | 30.09.24 | मेन्टेनेन्स किट 01 फार अर्थिंग इक्यूपमेंट ईटीसी | MCF, ICF,RCF |
| 4 | 28230900A | 30.09.24 | डीआरडीओ एनेरियोबीक बैक्टिरिया फार बायो टायलेट ईटीसी | - |
| 5 | 26245089 | 23.09.24 | मैन्यूफैक्चर एण्ड सप्लाई आफ काम्बीनेशन ईटीसी | RDSO |
| 6 | 29245136 | 23.09.24 | सप्लाई आफ 5 वाट वीएचएफ डिजिटल वाकी टाकी ईटीसी | - |
| 7 | 30230457A | 23.09.24 | वी – डीप ग्रुव एक्सल पुल्ली ईटीसी | - |
| 8 | 24241196A | 20.09.24 | ट्वीन बीम एलईडी हेड लाईट फार इलेक्ट्रिक ईटीसी | RDSO |
| 9 | 24245014 | 20.09.24 | सप्लाई, इन्स्टालेशन एण्ड कमीशनिंग ईटीसी | - |
| 10 | 29245093 | 18.09.24 | सप्लाई आफ 6 क्यूयूएडी केबल अण्डरग्राउण्ड ईटीसी | RDSO |
| 11 | 22230682A | 18.09.24 | क्नकल फार ट्रांजिशन एण्ड नान ट्रांजिशन ईटीसी | RDSO |
| 12 | 22241724A | 18.09.24 | पुश टाईप फ्लशिंग वाल्ब फार कोचेज ईटीसी | - |
| 13 | 22242048 | 17.09.24 | एअर स्प्रिंग असेम्बली कैपेसिटी 160 केएन ईटीसी | RDSO |

मुजाधि/एस-54 प्रमुख मुख्य सामाग्री प्रबन्धक/गोरखपुर

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**



### दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में तेज बारिश के बीच भूस्खलन, 4 की मौत, 9 घायल

एजेंसी

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में शुक्रवार से लगातार हो रही तेज बारिश के बीच तीन स्थानों पर हुए भूस्खलन में चार लोगों की मौत हो गयी जबकि 9 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य जारी हैं। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने राज्यभर में बाढ़ जैसे हालात की समीक्षा की और अधिकारियों को राहत एवं बचाव के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए।



राजस्व विभाग के अधिकारियों के मुताबिक विजयवाड़ा के चूना भट्ठा केंद्र में भूस्खलन से एक मकान धराशायी हो गया। इसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज बारिश के कारण हुए भूस्खलन में विजयवाड़ा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में दो जगहों पर मकान ढह गए। मौके पर बचाव कार्य जारी है। कर्मचारी दो जेसीबी से मलबा हटा रहे हैं। मलबे में नौ लोग फंस गए थे। उन्हें निकाल कर अस्पताल ले जाया गया, जिसमें से चार की मौत हो गई। बाकी लोग सुरक्षित हैं।

मुख्यमंत्री ने अमरावती के सचिवालय में बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवात और राज्य भर तेज बारिश को लेकर राजस्व पुलिस और अन्य विभागों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर हालात की समीक्षा की। राज्यभर में शिक्षण संस्थानों को अगले आदेश तक बंद रखने का निर्णय लिया गया। इस बीच दक्षिण मध्य रेलवे विजयवाड़ा ने अगले 3 दिनों तक विजयवाड़ा से होकर गुजरने वाले 20 से अधिक पैसेंजर रेल गाड़ियों को रद्द कर दिया है।

## खास खबर

### रुसी सेना ने बरसाए बम, बच्चे समेत सात लोगों की मौत

**कीव।** यूक्रेन के रूस के कई इलाकों में अपरएज बनाए जाने के बाद अब रुसी सेना ने भी हमले तेल कर दिए हैं। रूस ने यूक्रेन के उत्तरपूर्वी शहर खार्किव इलाके में एक रिहायसी इमारत और एक खेल मैदान पर बम बरसाए। इस हमले में सात लोगों की मौत हो गई और कम से कम 77 घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि मृतकों में 14 साल की एक लड़की भी है। शहर के मेयर इहोर तेरेखोव ने पहले टेलीग्राम पर कहा था कि खेल मैदान में एक बच्चे की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि रुसी हमले के परिणामस्वरूप 12 मंजिला अपार्टमेंट ब्लॉक में आग लग गई। बाद में एक बयान में उन्होंने कहा कि जब मलबे से एक महिला का शव मिला तो हमले में मरने वालों की संख्या सात हो गई घायलों में से करीब 20 की हालत गंभीर है। ब्लॉक का एक सिरा काले धुएं से घिरा हुआ था और ऊपरी कई मंजिलें आग की लपटों में घिरी हुई थीं। आग से बाहर खड़ी कई कारें जलकर खाक हो गईं।

### क्विबोलोय के आश्रम में छापेमारी

**मनीला ।** फिलीपींस में एक विवादास्पद धार्मिक नेता अपोलो क्विबोलोय के आश्रम पर पुलिस ने छापा मारा, छापेमारी में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। खुद को ईश्वर का पुत्र कहने वाले क्विबोलोय के आश्रम में एक गुप्त मार्ग का पता चला, जो कथित तौर पर सेक्स स्लेव के लिए बनाए गए तहखाने तक जाता था। तहखाने में एक भव्य लाउंज मिला, जिसका दरवाजा ऐसा था कि वह दीवार जैसा दिखता था। इस 75 एकड़ के विशाल परिसर में रास्ते भूलभुलैया की तरह हैं, पुलिस को छापेमारी में आश्रम में संदिग्ध गतिविधियों का पता चला। क्विबोलोय, जो फिलीपींस के दावो सिटी से ताल्लुक रखते हैं, पर कई जघन्य अपराधों में शामिल होने का आरोप है।

### 54 साल के तांत्रिक से शादी करेगी नार्वे की राजकुमारी

**नार्वे ।** नार्वे की राजकुमारी मार्था लुईस अमेरिका के 54 साल के तांत्रिक से विवाह रचाने जा रही हैं। तांत्रिक का नाम ड्यूरेक बेरिट है। 2017 में नार्वे की राजकुमारी ने अपने पति से तलाक ले लिया था। 2018 में उन्होंने तांत्रिक से 18000 में एक ताबीज खरीदा था। उसके बाद से वह उसके संपर्क में आईं। 2019 से वह तांत्रिक के रिलेशनशिप में है, अब वह शादी करने जा रही हैं। रिलेशन कब कैसे और किस तरह से बनेंगे यह इसका बड़ा उदाहरण है।

### मशहूर बिल्डर को मिली धमकी, मांगे दो करोड़

**नई दिल्ली।** साउथ वेस्ट दिल्ली के वीरा बिल्डर और डेवलपर के मालिक को एक धमकी भरी कॉल आई, जिसमें दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई। कॉल करने वाला कोई और नहीं, बल्कि कनाडाई गैंगस्टर गोल्डी बराड़ था, जिसे भारत और कनाडा दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियां ने उसे वांटेड मानती हैं। धमकी भरे कॉल के बाद, बिल्डर को व्हाट्सएप पर एक ऑडियो फाइल भी भेजी गई। इस ऑडियो में गोल्डी बराड़ की आवाज साफ सुनाई दे रही थी। बिल्डर ने इस ऑडियो को तुरंत पुलिस को सौंप दिया है।

## दो हजार से ज्यादा लोगों को ठगने वाले गिरोह का पदार्फाश, पांच गिरफ्तार

एजेंसी

**नोएडा।** एआई बेस्ड फर्जी ट्रेडिंग साफ्टवेयर बेचने और अपग्रेड के नाम पर देशभर में ठगी करने वाले कॉल सेंटर का शुक्रवार को पदार्फाश किया। सेक्टर 63 थाना पुलिस ने सेक्टर 63 के एच ब्लॉक में संचालित हो रही दो कंपनी रोबोटेक प्रो आईटी एलएलपी व इंट्रावसर टेक्नोलाजी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर समेत स्टाफ के पांच लोगों को गिरफ्तार किया।कंपनियों के चार डायरेक्टर समेत छह लोग फरार हैं। एक साल में ठग 2,000 से ज्यादा लोगों से ठगी कर 2.25 करोड़ से ज्यादा रुपये ठग चुके हैं। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा हृदेश कठेरिया ने बताया कि पुलिस ने तेलंगाना की कामिनी और आंध्र प्रदेश व गुजरात से मिली शिकायत पर जांच की तो सेक्टर 63 के एच 110 भूखंड के चतुर्थ तल पर दोनों कंपनियां सेबी व आईएसओ का हवाला देकर फर्जी तरीके से चलती मिलीं। ठगों के पास से 33 लैपटाप, 23 कीपैड मोबाइल, 10 एंड्रायड मोबाइल फोन, एक एचआर प्रिंटर, तीन स्टाम्प मुहर, तीन क्यूआर कोड, सर्टिफिकेट, ई स्टाम्प प्रपत्र व एक चेक बुक मिली। पुलिस ने ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी करने, संपत्ति का दुरुपयोग, संगठित अपराध व आईटी एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की। आरोपितों की पहचान नई बस्ती मऊरानीपुर झांसी व सफार्बाद नोएडा के अमर सिंह बौद्ध, झारखंड धनबाद व सफार्बाद के पुरुषोत्तम, छपरा बिहार व खोडा के प्रमोद सिंह, सीतामढी बिहार व मोरना के दीपक कुमार व वेलकम दिल्ली की एकता के रूप में हुई, जबकि भागे हुए आरोपित डायरेक्टर खोड़ा सरस्वती विहार के रोबिन चंदेल व वीआर शरण, झांसी की रुपाली अग्रवाल, सफार्बाद नोएडा के शिवम अग्रवाल, एचआर झांसी व गौर सिटी की प्रेरणा मौर्या व सेल्स मैनेजर शालिनी हैं।

## गडचिरोली में 6 लाख इनामी नक्सली ने किया सरेंडर

- पुलिस और सीआरपीएफ को मिली बडी सफलता

एजेंसी

**गडचिरोली ।** सरकार नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए अपनी कार्रवाई कर रही है। इस बीच गडचिरोली पुलिस और सीआरपीएफ के हाथ बडी सफलता लगी है। गडचिरोली में 6 लाख के एक इनामी खुंखार नक्सली ने जिला पुलिस दल और सीआरपीएफ जवानों के सामने आत्मसमर्पण किया है। नक्सली का नाम धानोरा तहसील निवासी केदार उर्फ मान्या किंजो नेताम है। नेताम 18 मुठभेड़ों में शामिल था और उसके खिलाफ 34 मामले दर्ज हैं। गौरतलब है कि सरकार द्वारा घोषित आत्मसमर्पण योजना के चलते हिंसाचार के जीवन के जीवन से तंग आकर और वरिष्ठ नक्सली नेताओं से



त्रस्त होकर अनेक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों का पुनर्वसन किये जाने के कारण अब तक करीब 673 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। केदार उर्फ मान्या किंजो नेताम 18 मुठभेड़ों में शामिल था इसके साथ ही उसके खिलाफ 34 मामले दर्ज हैं, जिनमें आगजनी की दो और हत्या के आठ मामले शामिल हैं। नेताम 2007 में नक्सल आंदोलन में शामिल हुआ था। उसने धनोरा में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के पश्चिमी उप क्षेत्रीय ब्यूरो में सक्रिय रूप से भाग लिया था। केदार नैताम यह वर्ष 2002 से 2007 तक टिपागड दलम में सदस्य के रूप में कार्यरत था। वहीं 2007 से 2012 टेक्नीकल टिम नॉर्थ गडचिरोली डिवीजन में कार्यरत था। 2012 से 2020 तक प्लाटुन 15 (टिपागड एरिया) में तैनात था। 2020 में एरिया कमिटी सदस्य पद पर पदोन्नती होकर अब तक टेक्नीकल टिम-वेस्ट सब झोनल ब्युरो में कार्यरत था। उसका करीब 18 मुठभेड, 2 आगजनी, 8 हत्या और अन्य 6 ऐसे कुल 34 अपराधों में समावेश था। सरकार द्वारा केदार नैताम पर 6 लाख रूपयों का इनाम रखा गया था। वर्ष 2022 से 2024 तक कुल 25 खुंखार नक्सलियों ने आत्मसमर्पन किया है। उक्त नक्सली के आत्मसमर्पण करने की कार्रवाई विशेष पुलिस महानिरीक्षक (नक्सल विरोधी अभियान) संदिप पाटील, पुलिस उपमहानिरीक्षक अंकित गोयल, सीआरपीएफ के पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार शर्मा, जिला पुलिस अधिक्षक नीलोत्पल, सीआरपीएफ की 113 बटालियन के कमांडट जसवीर सिंह के मार्गदर्शन में सावरगांव के प्रभारी अधिकारी पुलिस उपनिरीक्षक विश्वंभर कराले ने की।

## केरल में संघ की बैठक शुरू

**पलक्कड़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय समन्वय बैठक शनिवार को केरल के पलक्कड़ में शुरू हुई। यह तीन दिवसीय बैठक दो सितंबर तक चलेगी। इस बैठक की अध्यक्षता मोहन भागवत कर रहे हैं। बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के सभी छह सह सरकार्यवाह समेत और भी पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी शामिल हुए। बैठक में करीब तीन सौ स्वंयसेवक शामिल हो रहे हैं। इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा है। दरअसल तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। बैठक में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और छह संयुक्त महासचिवों के अलावा बीजेपी के अध्यक्ष जेपी नड्डा व पार्टी के संगठन सचिव बीएल संतोष भी शामिल हो रहे हैं।

## हरियाणा में बीफ खाने के आरोप में मजदूर की पीट-पीट कर हत्या

एजेंसी

**चरखी दादरी ।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के बीच चरखी दादरी से बड़ी खबर है। यहां बीफ खाने के आरोप में एक प्रवासी की पीट पीट कर हत्या कर दी गई है। गौरक्षा दल के सदस्यों पर पिटाई करने का आरोप लगा है। पिटाई का एक वीडियो सामने आया है। मारपीट में जहां एक युवक की मौत हुई है, एक अन्य घायल है। फिलहाल, पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा, दो नाबालिग को भी डिटेन किया है। जानकारी के अनुसार, 27 की घटना है, जिसकी जानकारी पुलिस को 28 अगस्त को मिली थी। पश्चिम बंगाल के दो युवक चरखी दादरी में कूड़ा बीनने का काम करते हैं। गौरक्षा दल के सदस्यों को शक था कि शब्बीर खान (23) ने अपने साथी के साथ बीफ पकाकर खाया। इस दौरान 27 अगस्त को भीड़ ने उन्हें घेरकर लाठी और डंडों से बुरे तरीके से मारा। इस दौरान पिटाई से शब्बीर की मौत हो गई, जबकि साथी घायल हो गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर दो नाबालिगों को भी डिटेन किया, जबकि पांच अन्य को भी अरेस्ट किया है। हालांकि, पुलिस ने पुरे मामले पर चुप्पी साध ली है। मामले को लेकर एसपी पूजा वशिष्ठ ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया था, लेकिन मीडिया से बात नहीं की है। गिरफ्तार किए गए 4 आरोपी स्थानीय हैं। पुलिस को दी शिकायत में युवक ने बताया कि उसका जीजा और वहां कूड़ा बीनने का काम करते हैं और बीफ खाने के शक में उनके साथ मारपीट की गई।

## 49 साल की एंजेलिना जोली ने फिर खींचा लोगों का ध्यान

एजेंसी

**लॉस एंजेलिस ।** 49 साल की हॉलीवुड स्टार एंजेलिना जोली ने इटली के वेनिस में प्रतिष्ठित 81वें वेनिस फिल्म फेस्टिवल में अपनी आगामी बायोपिक मारिया के प्रीमियर के दौरान रेड कार्पेट पर सभी फैंस का ध?यान खींचा। जोली को शैम्पेन रंग की स्ट्रैपलेस बेज गाउन में नजर आईं। उन?होंने इस दौरान अपने एक प्रशंसक से मुलाकात की, जो एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस से पीड़ित है। यह एक न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारी है जो मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी में तंत्रिका कोशिकाओं को प्रभावित करती है। हालांकि जोली को अपने



फैन से मिलना कई नेटिजन्स को पसंद नहीं आया। एक यूजर ने कहाः मुझे लगता है कि यह सही नहीं है। दूसरे ने कहा, वह सोचती है कि वह मदर टेरेसा है। जोली फिल्म की पहली आधिकारिक स्क्रीनिंग से पहले रेड कार्पेट पर दिखाई दी। उन?होंने बालों को खुला रखा और अपने ब्राउननिश बालों को काफी सिंपल तरीके से स्टाइल किया।

## हेड कांस्टेबल ने खुद को मारी गोली, हालत गंभीर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पहाड़गंज थाने में एक हेड कांस्टेबल ने अपनी ही सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिसकर्मी का उपचार किया जा रहा है और उसकी हालत गंभीर है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को हेड कांस्टेबल सुरेंद्र ने थाने के बैरक में खुद के सिर में गोली मार ली। पुलिस ने कहा कि हरियाणा के रेवाड़ी के निवासी सुरेंद्र के परिवार को घटना की सूचना दे दी गई है, मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसियेशन का डीआईजी एवं डीएम को पत्रकार उत्पीड़न के दोषी को दण्डित करने के लिए ज्ञापन

**मीरजापुर।** मड़िहान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर द्वारा पत्रकार पर हमला किए जाने व हमले का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने के बाद भी सीएमओ एवं थानाध्यक्ष द्वारा कार्यवाही न किए जाने के विरोध में दर्जनों पत्रकारों ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय ओझा , विंध्याचल मण्डल अध्यक्ष राजेश अग्रहरि के नेतृत्व में पुलिस उपमहानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक व एडीएम वित्त एवं राजस्व को ज्ञापन सौंपकर मड़िहान थानाध्यक्ष व डाक्टर के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने अपने कार्यालय



में मौजूद एसपी मीरजापुर को मामले को गंभीरता से लेकर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। इसके पूर्व ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सदस्यों ने एडीएम वित्त एवं राजस्व शिवप्रताप शुक्ल को ज्ञापन सौंपकर डाक्टर के ऊपर मुकदमा दर्ज कर निलंबित करने की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय ओझा ने कहां कि डाक्टर को भगवान का दुसरा रुप माना जाता है वहीं डाक्टर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर खुलेआम हमला करता है और उसका साक्ष्य सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने के बाद भी थानाध्यक्ष मड़िहान द्वारा मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता है बल्कि पीड़ित पत्रकार को बुलाकर डाक्टर से समझौते का दबाव बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर डाक्टर व थानाध्यक्ष मड़िहान के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती है तो संगठन को मजबूरन धरना प्रदर्शन व जरूरत पड़ी तो आमरण-अनशन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ आडियो वायरल होने पर लेखपाल को निलम्बित कर दिया जाता है तो वहीं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर खुलेआम जानलेवा हमला करने की घटना का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने के बाद भी पंद्रह दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं किया जाता है बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को ही दबाने का प्रयास किया जा रहा है तो आम आदमी की हालत क्या होगी।

## मोबाइल से नहीं अब मुस्कान से होगा पेमेंट

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक ने स्माइल पे नमक फेशियल पेमेंट सिस्टम तैयार किया है। इस सिस्टम के माध्यम से ग्राहक कैमरे पर मुस्कुरा कर भुगतान कर सकता है। इस पेमेंट सिस्टम की यह खासियत है। इसके लिए मोबाइल होना जरूरी नहीं है। स्माइल पे का उपयोग रिलायंस रिटेल,अनन्य बिरला, स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस के सहयोग से चुनिंदा स्थानों पर किया जा रहा है।अभी इसका फाइनल वर्जन तैयार नहीं हुआ है। प्रायोगिक तौर पर इस सिस्टम की जांच की जा रही है। स्माइल पे सिस्टम को भीम आधार पे के साथ जोड़ा गया है। आधार नंबर से लिंक खाते से पैसे निकालने के लिए बायोमैट्रिक डाटा



का इस्तेमाल किया जाता है। इसको लेनदेन के लिए सबसे सुरक्षित बताया जा रहा हैसेक्सटार्शन गैंग के 3 सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, गिरोह का मुखिया फरार

मंदसौर ईएमएस पुलिस ने सेक्सटार्शन ग्रुप के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस ग्रुप को चलाने वाली मास्टरमाइंड आरोपी महिला और उसका दामाद फरार है। यह गिरोह दुष्कर्म के फर्जी मामले दर्ज कराकर,लोगों को ब्लैकमेल करता था।

40 साल की महिला जो सरगना है। 20 साल का बेटा और उसका भाई सीहोर गांव के डेंटल क्लिनिक संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कराने थाने पहुंचे थे। तीनों के हाव-भाव और बयान देखकर पुलिस को शंका हुई।

## चौथी बेटी होते ही घोंट दिया गला

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में दिल दहला देना वाला मामला सामने आया है यहां चौथी बार बेटी पैदा होने पर मां ने ही उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बैग में छिपा दिया। जब इस मामले की खबर पुलिस को लगी तो पुलिस ने वहां का जायजा लिया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक यह घटना पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके की है। यहां सुबह करीब साढ़े पांच बजे थाने को सूचना मिली कि छह दिन की बच्ची लापता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूछताछ शुरू की।

## जेलेंस्की ने एयरफोर्स कमांडर को हटाया

एजेंसी

**कीव।** रूस-यूक्रेन के बीच चल रही जंग के दौरान यूक्रेन राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को अपने ही लोगों पर गुस्सा आ गया है। दरअसल जेलेंस्की ने यूक्रेन की वायु सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मायकोला ओलेशचुक को बर्खास्त कर दिया है। यह फैसला देश के बहुमूल्य नए एफ-16 लड़ाकू विमानों में से एक को नष्ट करने पर चल रही बहस के बीच लिया गया है।यूक्रेनी राजनीतिज्ञ मारियाना बेजुहला, जो संसदीय रक्षा समिति में बैठती हैं, ने दावा किया कि विमान को यूक्रेन की



पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली द्वारा मार गिराया गया था। ओलेशचुक ने शुक्रवार को पहले कहा था कि जांच चल रही है और कोई भी कुछ नहीं छिपा रहा है। उन्होंने बेजुहला पर सैन्य नेतृत्व को बदनाम करने का आरोप लगाया और कहा कि माफी मांगने का समय आ गया है। अपनी बर्खास्तगी की घोषणा के बाद, सुश्री बेजुहला ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि सत्य की जीत होगी। रिपोर्ट के अनुसार जेलेंस्की ने बर्खास्तगी का कारण तो नहीं बताया, लेकिन टेलीग्राम पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि हमारे सभी योद्धाओं की देखभाल करना उनकी जिम्मेदारी है।बता दें कि सोमवार को, यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों से इस महीने की शुरूआत में प्राप्त अमेरिका निर्मित एफ-16 लड़ाकू विमानों में से एक रूसी मिसाइलों की बौछार के दौरान गिर गया। इस घटना में पायलट की मौत हो गई।

## गृहयुद्ध से तबाह हुआ सूडान, एक लाख से ज्यादा लोग मारे गए

**भूख और कुपोषण से गई करीब 25 लाख लोगों की जान, लाखों लोग दूसरे देशों में शरण लेने को हुए मजबूर**

एजेंसी

**खारतून।** सूडान में जारी गृहयुद्ध ने एक गंभीर मानवीय संकट को जन्म दिया है, जिससे लाखों लोग जीवन-मरण की स्थिति का सामना कर रहे हैं। देश की राजधानी खारतूम और अन्य प्रमुख शहरों में तबाही फैल चुकी है, और 1.5 लाख से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। सूडान की इस भयावह स्थिति ने लाखों लोगों को अपना घर छोड़कर शरणार्थी बनने पर मजबूर कर दिया है। देश के भीतर शरणार्थी शिविरों में 80 लाख से अधिक लोग रह रहे हैं, जबकि एक करोड़ से अधिक लोग पड़ोसी देशों में शरण लेने पर मजबूर हो चुके हैं। सूडान में खाद्य



संकट इतना गंभीर हो चुका है कि लोग घास और पत्ते खाने को मजबूर हो गए हैं। फसलें जल चुकी हैं, और अकाल का खतरा मंडरा रहा है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इस साल के अंत तक 25 लाख लोग भूख और कुपोषण के कारण अपनी जान गंवा सकते हैं। इसके अलावा, डच थिंक टैंक के एक विश्लेषण के अनुसार, यदि सूडान में खाद्य पदार्थों की कमी बनी रहती है, तो 2027 तक 60 लाख से एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है। यह विश्व के सबसे भयानक मानवीय संकटों में से एक बन गया है। इस संकट में कई बाहरी देशों की भूमिका भी रही है। विद्रोही गुट रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) पर सामूहिक दुष्कर्म और जनसंहार जैसे गंभीर आरोप लगे हैं, और संयुक्त अरब अमीरात आरएसएफ को गोला-बारूद और ड्रोन जैसी सैन्य सामग्री की आपूर्ति कर रहा है। वहीं, ईरान और मिस्र सरकार समर्थक सूडान आर्म्ड फोर्सेस (एसएएफ) को हथियार दे रहे हैं। रूस भी इस संघर्ष में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, क्योंकि उसके वैगनर ग्रुप के भाड़े के सैनिक दोनों पक्षों की मदद कर रहे हैं। इसके अलावा, सऊदी अरब, तुर्किये और कतर जैसे देश इस संघर्ष में अपनी ताकत और प्रभाव बढ़ाने की होड़ में हैं।

इस युद्ध का प्रभाव सूडान के पड़ोसी देशों चाड, मिस्र, इथियोपिया और लीबिया पर भी पड़ रहा है, जहां शरणार्थियों और लड़ाकू गुटों की आवाजाही जारी है। अफ्रीका के अलावा, मध्य पूर्व और यूरोप के कुछ हिस्सों में भी इस संकट का असर देखा जा सकता है। शरणार्थियों के यूरोप जाने की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं, जिससे यूरोपीय देशों को भी इस संघर्ष के परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

## अमेरिका में भीषण गर्मी, पब्लिक कूलिंग सेंटर स्थापित

एजेंसी

**लॉस एंजेल्स ।** अमेरिका के मध्य-पश्चिमी राज्यों में इस सप्ताह भीषण गर्मी के कारण रिकॉर्ड स?तर पर उच्च तापमान दर्ज किया गया। अमेरिकी नेशनल वेदर सर्विस (एनडब्ल्यूएस) के हवाले से बताया कि शिकागो, डेस मोइनेस और टोपेका जैसे मध्य-पश्चिमी क्षेत्रों के शहरों पर लोग अत्यधिक गर्मी का सामना कर रहे हैं। एनडब्ल्यूएस ने लोगों को इस भीषण गर्मी के चलते गर्मी और उमस से जुड़े खतरों को लेकर चेतावनी जारी की है। वहीं, अमेरिका के मध्य-पश्चिमी राज्यों ने भी खतरनाक गर्मी की तैयारी करते हुए कई पब्लिक कूलिंग सेंटर (सार्वजनिक शीतलन केंद्र) स्थापित किए हैं। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के अनुसार, देश में हर



साल लगभग 1,220 लोगों की अत्यधिक गर्मी से मौत होती है। पिछले साल इसी माह में देश के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी के कारण अमेरिका के एरिजोना, नेवादा और टेक्सास राज्यों में 147 लोगों की मौत हो गई थी। रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल भी भीषण गर्मी से ये तीन राज्य सबसे अधिक प्रभावित हुए। कैलिफोर्निया, दक्षिण के कुछ हिस्सों और मध्यपश्चिम में भी गर्मी से संबंधित कई मौतें दर्ज की गईं।

# चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित-कोहली की सुरक्षा को बड़ा खतरा

## ▶▶ पाक के पूर्व खिलाड़ी दानिश कनेरिया ने जताई चिंता




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान अगले साल 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा. इसके लिए पाकिस्तान जी जान से जुटा हुआ है। भारतीय टीम का चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाना अभी पाकिस्तान जाना कन्फर्म नहीं है हालांकि, पाकिस्तान पूरी उम्मीद लगाए बैठा है कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा। अब पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर ने भारत को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान न आने की सलाह दी है। उन्होंने भारत और भारतीय टीम की सुरक्षा की चिंता जताई है। पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने स्पोर्ट्स तक से कहा, 'पाकिस्तान की स्थिति को देखें, मेरा कहना है कि भारतीय टीम को पाकिस्तान नहीं जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, पाकिस्तान को इस बारे में सोचना चाहिए, फिर ICC अपना निर्णय लेगा और सबसे अधिक संभावना है कि यह एक हाइ-ब्रिड मॉडल होगा और यह दुबई में खेला जाएगा। कनेरिया ने कहा, 'खिलाड़ियों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है. सम्मान दूसरी प्राथमिकता है। मुझे लगता है कि बीसीसीआई बहुत बढ़िया काम कर रहा है। मुझे लगता है कि सभी देश अंतिम निर्णय को स्वीकार करेंगे। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज राशिद लतीफ ने कहा था कि यह 50 प्रतिशत तय है कि भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा करेगी। इसके पीछे उन्होंने तर्क दिया था कि पाकिस्तान ने आईसीसी का चैयरमैन बनने के लिए जय शाह का विरोध नहीं किया जिससे यह लगभग कंन्फर्म हो गया कि भारत का पाकिस्तान दौरा लगभग संभव है। भारत की तरफ से इस तरह की कोई पुष्टी नहीं है हालांकि, भारत चाहता है कि भारत के मैच हाईब्रिड मोडल के आधार पर किसी दूसरी जगह पर कराएं जाएं. हालांकि, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने भारत के पाकिस्तान दौरे की संभावना पर टिप्पणी की थी।

# जोकोविच 18 साल में पहली बार तीसरे दौर से बाहर

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने हराया



**नई दिल्ली।** दुनिया भर के सबसे महान सक्रिय टेनिस खिलाड़ियों में से एक नोवाक जोकोविच शुक्रवार को यूएस ओपन 2024 के सबसे बड़े उलटफेर का शिकार हुए। सर्बियाई खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया के 28वें वरीय एलेक्सी पोपिरिन ने चार सेटों में 4-6, 4-6, 6-2, 4-6 के स्कोर के साथ हराया। आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में हार के परिणामस्वरूप, जोकोविच 18 वर्षों में पहली बार ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचने में विफल रहे। साथ ही, 37 वर्षीय खिलाड़ी 2017 के बाद पहली बार बिना किसी ग्रैंड स्लैम के साल का समापन करेंगे. सर्बियाई खिलाड़ी मार्च के बाद से अपना पहला हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट खेल रहे थे और यह पहले दो सेटों में दिखा, क्योंकि उनमें पोपिरिन के वर्चस्व को विफल करने की ऊर्जा की कमी थी। जोकोविच कुछ रिटर्न में देरी के कारण अनफोर्स्ड एरर कर रहे थे। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जो अपनी देरी से वापसी के लिए जाने जाते हैं, इस बार वापसी नहीं कर पाए और मैच ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी की जीत के साथ समाप्त हुआ।

जोकोविच ग्रैंड स्लैम में दो सेट से पिछड़ने के बाद 8 बार वापसी कर चुके हैं। लेकिन, वे अपने कभी हार न मानने वाले रवैये को दिखाने में विफल रहे और तीन घंटे 19 मिनट में हार का सामना करना पड़ा। पोपिरिन अपने करियर में पहली बार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचे। इससे पहले, टूर्नामेंट में कार्लोस अल्काराज़ का भी यही हश्र हुआ था, जब वे दूसरे दौर के मुकाबले में बोटिक वैन डे ज़ैंड्सचुल्प से हार गए थे।

## रूबीना फ्रांसिस ने रचा इतिहास

# पैरालंपिक में पहली बार भारत को पिस्टल शूटिंग में मिला मेडल



**नई दिल्ली।** भारत की महिला पैरा निशानेबाज रूबीना फ्रांसिस ने पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों के तीसरे दिन भारत को पांचवां मेडल दिलाया। रूबीना ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1) फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया। पैरालंपिक के इतिहास में भारत को पहली बार पिस्टल शूटिंग में मेडल मिला है। रूबीना ने फाइनल में 211.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। रूबिना फ्रांसिस ने सातवें स्थान पर रहकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1) फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। 25 वर्षीय रूबिना क्वालिफिकेशन दौर के ज्यादातर हिस्से में शीर्ष आठ निशानेबाजों से पिछड़ रही थीं लेकिन उन्होंने अंत में तेजी दिखाई और पदक दौड़ में पहुंची। मध्यप्रदेश की यह निशानेबाज तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक के क्वालीफाइंग दौर में भी सातवें स्थान पर रही थीं और फिर फाइनल में भी सातवें स्थान पर रही थीं।

### 556 के स्कोर के साथ फाइनल में बनाई थी जगह

रूबिना ने क्वालीफिकेशन दौर में 556 के स्कोर से आठ निशानेबाजों के फाइनल में प्रवेश किया. वहीं इससे पहले अपने दूसरे पैरालंपिक में हिस्सा ले रहे स्वरूप उन्हाल्कर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग (एसएच1) के क्वालीफिकेशन दौर में निराशाजनक 14वें स्थान पर रहे और आठ खिलाड़ियों के फाइनल में जगह बनाने में विफल रहे. तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक में 38 वर्षीय स्वरूप कांस्य पदक से चूक गये थे. शनिवार को भी वह 18 निशानेबाजों में 613.4 अंक ही बना सके।

### एसएच1 वर्ग कौन से पैरा निशानेबाज हिस्सा लेते हैं?

एसएच1 वर्ग में वो पैरा निशानेबाज हिस्सा लेते हैं जो बिना किसी परेशानी के पिस्टल संभालते हुए व्हीलचेयर या चेयर पर बैठकर या खड़े होकर निशाना लगा सकते हैं।

# शोएब समेत 5 मेंटोर पर भड़का पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाल ही में एक नया घरेलू टूर्नामेंट शुरू करने की घोषणा की, जिसका नाम चैंपियंस वन-डे कप है। चैंपियंस कप में पांच टिम हिस्सा लेंगी, जिनके मेंटोर शोएब मलिक, मिस्बाह-उल-हक, वकार यूनिस, सकलैन मुश्ताक और सरफराज अहमद हैं। हर मेंटोर को 50 लाख पाकिस्तानी रुपये दिए जाएंगे। मेंटोर को मोटी रकम मिलने पर पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर तनवीर अहमद भड़क उठे हैं। उन्होंने सवाल पूछा कि क्या इन लोगों का लेवल इतना है। 45 वर्षीय तनवीर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "वकार यूनिस, सरफराज अहमद, मिस्बाह-उल-हक, शोएब मलिक, सकलैन मुश्ताक, इन सबको मेंटोर के तौर पर 50 लाख दिए जा रहे हैं। मतलब इन लोगों का इतना लेवल है कि इन्हें 50 लाख दिए जा रहे हैं।" बता दें कि पूर्व गेंदबाज तनवीर ने महज 5 टेस्ट, 2 वनडे और एक इंटरनेशनल मैच खेला। उन्होंने कुल 20 इंटरनेशनल विकेट चटकाए। उन्होंने आखिरी मैच 2013 में खेला था। पीसीबी ने पांचों को तीन साल के अनुबंध पर मेंटोर नियुक्त किया है। वकार ने हाल ही में क्रिकेट मामलों पर पीसीबी सलाहकार के रूप में काम किया जबकि सकलैन मुश्ताक राष्ट्रीय टीम के पूर्व मुख्य कोच हैं। मिस्बाह और वकार राष्ट्रीय टीम के साथ भी कोचिंग कर चुके हैं। पीसीबी ने अपने सभी शीर्ष खिलाड़ियों के लिए इस 50 ओवर की प्रतियोगिता में भाग लेना अनिवार्य कर दिया है।

# राहुल द्रविड़ का बेटा समित द्रविड़ दिखाएगा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जलवा

## भारत की अंडर-19 टीम में मिली जगह



**नई दिल्ली।** दिग्गज भारतीय बल्लेबाज और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ तो क्रिकेट से अलग हो चुके हैं लेकिन अब उनकी छाप छोड़ने के लिए बेटा तैयार है. द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ को भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है, जो ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम के खिलाफ मल्टी फॉर्मेट सीरीज खेलेगी। बीसीसीआई ने मीडिया स्टेटमेंट के जरिए भारत की अंडर-19 टीम की घोषणा की है. जो पुडुचेरी में वनडे मैच खेलेगी, जबकि चार दिवसीय मैच चेन्नई में खेले जाएंगे. बीसीसीआई सचिव जय शाह ने मीडिया स्टेटमेंट में कहा, 'जूनियर चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ आगामी मल्टी फॉर्मेट घरेलू सीरीज के लिए भारत की अंडर-19 टीम का चयन किया है. इस सीरीज में तीन 50 ओवर के मैच और दो चार दिवसीय मैच पुडुचेरी और चेन्नई में खेले जाएंगे। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के मोहम्मद अमान वनडे सीरीज में भारत की अंडर-19 टीम की अगुआई करेंगे।

### वनडे सीरीज के लिए भारत की अंडर-19 टीम

रुद्र पटेल, साहिल पारख, कार्तिकेय केपी, मोहम्मद अमान, किरण चोरमले, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश सिंह पंगलिया, समित द्रविड़, युधाजीत गुहा, समर्थ एन, निखिल कुमार, चेतन शर्मा, हार्दिक राज, रोहित राजावत, मोहम्मद एनान

### चार दिवसीय श्रृंखला के लिए भारत U19 टीम

वैभव सूर्यवंशी, नित्या पंड्या, विहान मल्होत्रा, सोहम पटवर्धन (C), कार्तिकेय के पी, समित द्रविड़, अभिज्ञान कुंडू , हरवंश सिंह पंगालिया (विकेटकीपर), चेतन शर्मा, समर्थ एन, आदित्य रावत, निखिल कुमार, अनमोलजीत सिंह, आदित्य सिंह, मोहम्मद एनान

# अहमद शहजाद ने पीसीबी को लिया आड़े हाथ



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की निंदा रुकने का नाम नहीं ले रही है। अब इसके निंदकों की लिस्ट में अहमद शहजाद का भी नाम जुड़ गया है। पाकिस्तान के घरेलू टूर्नामेंट से नाम वापस लेने वाले शहजाद ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उनकी कार्यप्रणाली को लेकर घेरा है और उनका खिलाड़ियों के प्रति रवैया नौकरों की तरह बताया है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम भी इन दिनों अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रही। बांग्लदेश से उन्हें पहले टेस्ट में घरेलू मैदान पर ही हार झेलनी पड़ी। अब जब पीसीबी घरेलू ढांचे में बदलाव करने की सोच रहा है तो शाहजाद ने सामने आ रहे रुझानों पर अपना विरोध जाहिर किया है। पीसीबी ने फिलहाल चैंपियंस वन-डे कप के दौरान वकार यूनिस, शोएब मलिक, मिस्बाह-उल-हक, सरफराज अहमद और सकलैन मुश्ताक को टीमों के लिए मेंटर नियुक्त किया है। इसने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी के लिए पाकिस्तान के पांच पूर्व दिग्गजों को नियुक्त किया। वहीं, चैंपियंस कप से अपना नाम वापस ले चुके शहजाद ने पीसीबी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम की हालत ऐसी है कि पीसीबी को कुछ ऐसे नामों की जरूरत है जो उनकी रक्षा के लिए सामने खड़े हो सकें। हमने पहले भी इस तरह की चर्चा की है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम को जितना पैसा दिया जा रहा है, उतना ही उनका स्तर नीचे गिरता जा रहा है। कोई अनादर नहीं है लेकिन जैसे घरों में काम करने वाली नौकरानियां होती हैं और घर की महिलाएं थोड़ी-थोड़ी देर बाद गंदी जगहों के बारे में बताती हैं, वैसे ही पीसीबी का काम दिखता है।

# DPL 2024 में प्रियांश आर्य ने ठोके 6 गेंदों पर 6 छक्के



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग के दौरान प्रियांश आर्य ने बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शनिवार को भीड़ को यह ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला। साउथ दिल्ली सुपरस्टार के प्रियांश आर्य ने उत्तरी दिल्ली के मनन भारद्वाज के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया। प्रियांश ने अपनी पावर-बैटिंग की झलक दिखाई और युवराज सिंह की तरह ही आक्रमक शॉट लगाए। उक्त क्षण 12वें ओवर में देखने को मिला। ओवर की पहली गेंद को प्रियांश ने लॉन्ग-ऑफ फेंस के ऊपर छक्का जड़ा। दूसरा छक्का उन्होंने घुटने पर बैठकर डीप मिड-विकेट क्षेत्र पर जड़ा। तीसरा छक्का लॉन्ग-ऑन की तरह आया। चौथी गेंद भी पार्क के बाहर चली गई और आखिरी दो गेंदों पर भी गेंदबाज को वही सलूक मिला, जब प्रियांश ने इतिहास रचा और रवि शास्त्री और युवराज सिंह के बाद एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले तीसरे भारतीय बन गए। प्रियांश ने शानदार अंदाज में शतक पूरा किया और दिसंबर में होने वाली आईपीएल ऑक्शन के लिए अपना नाम रजिस्टर करवा लिया। प्रियांश ने केवल 39 गेंदों में अपना शतक पूरा किया।

### छह छक्के लगाने वाले तीसरे भारतीय प्लेयर बने

**युवराज सिंह :** 2007 आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह ने इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे।
**रवि शास्त्री :** 1985 चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय ऑलराउंडर रवि शास्त्री ने बड़ौदा के गेंदबाज तिलक राज के खिलाफ एक ओवर में छह छक्के लगाए थे।
**प्रियांश आर्य :** दिल्ली प्रीमियर लीग के दौरान दिल्ली सुपरस्टार के प्रियांश आर्य ने उत्तरी दिल्ली के मनन भारद्वाज के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया।

## कौन है मॉडर्न क्रिकेट का बेस्ट फील्डर

# अफ्रीकाई दिग्गज ने किया इस भारतीय के नाम का खुलासा



**नई दिल्ली।** क्रिकेट के मैदान से इन दिनों भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा बाहर चल रहे हैं. उन्हे आखिरी बार टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलते हुए देखा गया था. भारत ने टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में साउथ अफ्रीका को 7 रनों से हराया, जिसके बाद जडेजा ने टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया था. उसके बाद से जडेजा अब तक मैदान पर खेलते हुए नजर नहीं आए हैं. उन्हें दिलीप ट्रॉफी 2024-25 में खेलना था लेकिन इसके बाद बीसीसीआई ने वहां से भी उनका नाम रिलीज कर दिया. अब वो बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से होने वाली टेस्ट सीरीज में खेलते हुए नजर आ सकते हैं. उससे पहले दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर जोंटी रोड्स ने रविंद्र जडेजा को मॉर्डन क्रिकेट का बेस्ट फील्डर बताया है. प्रो क्रिकेट लीग ब्रांड एंबेसडर जोंटी रोड्स ने प्रो क्रिकेट लीग ट्रॉफी और जर्सी अनावरण समारोह में कहा, 'मैंन 2 खिलाड़ियों को फील्डर के रूप में हमेशा बेहतरीन बताया है।

## चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर हरभजन की दो टूक

# बताया टीम इंडिया को कब तक पाकिस्तान नहीं जाना चाहिए?



**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल फरवरी-मार्च में होना है। हालांकि, टीम इंडिया टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान जाएगी या नहीं? अभी तक स्पष्ट नहीं है। बीसीसीआई साफ कह चुका है कि भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तान जाने पर फैसला सरकार करेगी। वहीं, भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने अपनी बेबाक राय रखी है। भज्जी का कहना है कि जब तक सुरक्षा चिंताएं दूर न हों, तब तक भारतीय खिलाड़ियों को पाकिस्तान बिलकुल नहीं जाना चाहिए। हरभजन ने स्पोर्ट्स तक से कहा, "सुरक्षा को लेकर चिंताएं वहां रही हैं। अगर वहां प्लेयर्स की सिक्योरिटी नहीं होगी तो मुझे नहीं लगता कि जाना चाहिए। अगर वे कहते हैं कि टीमों को फुल सिक्योरिटी दी जाएगी और कोई दिक्कत नहीं है तो फिर जो सरकार सोचे, वो ठीक है। दरअसल, यह सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है। यह उसके पार है। मैं बतौर क्रिकेटर यही कह सकता हूं कि क्रिकेट खेलना है, खेलिए लेकिन वहां सुरक्षा को लेकर चिंता तो है। हमारे खिलाड़ियों को तब तक वहां नहीं जाना चाहिए, जब तक हमें लगे नहीं कि सिक्योरिटी बिलकुल सही है।"

## कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024

# मोहम्मद आमिर जिंदगीभर याद रखेंगे ये कुटाई, आखिरी ओवर में डुबोई टीम की लुटिया



**नई दिल्ली।** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 में एक के बाद एक हैरतअंगेज मुकाबले खेले जा रहे हैं। बुधवार, 28 अगस्त को टूर्नामेंट का पहला मुकाबला सेंट किट्स और नेविस पैट्रियट्स ने मात्र एक विकेट से जीता और अब शुक्रवार 30 अगस्त को गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने आखिरी 4 ओवर में 65 रन चेज कर हर किसी को चौंका दिया। इस दौरान पाकिस्तानी तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की जो कुटाई हुई वो उसे जिंदगीभर याद रखेंगे। आखिरी ओवर में गुयाना को जीत के लिए 16 रनों की दरकार थी, ड्वेन प्रीटोरियस ने आमिर के ओवर में तीन चौके और 1 गगनचुंबी छक्का लगाकर टीम को आखिरी गेंद पर जीत दिलाई। बात मुकाबले की करें तो, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 168 रन बोर्ड पर लगाए। कोई बल्लेबाज अर्धशतक तो नहीं बना पाया, मगर फखर जमन और इमाद वसीम ने 40-40 रनों की महत्वपूर्ण पारियां जरूर खेली। इस स्कोर का पीछा करने उतरी गुयाना अमेजन वॉरियर्स की शुरुआत तो अच्छी नहीं रही। दोनों सलामी बल्लेबाज पावरप्ले में ही आउट हो गए, वहीं शिमरन हेटमायर और आजम खान जैसे विस्फोटक बल्लेबाज भी कुछ कमाल नहीं दिखा पाए।

## बांग्लादेश को लगा बड़ा झटका

# शोरफुल इस्लाम हुए चोटिल दूसरे मैच से हुए बाहर



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज शोरफुल इस्लाम ग्रोइन की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने इस खबर की पुष्टि की। रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दो मैच की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच शुक्रवार से खेला जा रहा है। हालांकि दूसरे टेस्ट मैच का शुरुआती दिन शुक्रवार को लगातार बारिश के कारण धुल गया। बांग्लादेश दो मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। उसने पिछले सप्ताह इसी स्थान पर 10 विकेट की ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस मैच में पाकिस्तान की दूसरी पारी पांचवें और अंतिम दिन महज 146 रन पर सिमट गई थी। शोरफुल इस्लाम ने पहले टेस्ट मैच के दौरान कुल तीन विकेट लिए थे। शोरफुल इस्लाम की जगह उनके स्थान पर तस्कीन अहमद को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। पहले मैच के दौरान तेज गेंदबाज ने ग्रोइन में असहजता की शिकायत की थी। एमआरआई स्कैन के बाद पुष्टि हुई कि यह ग्रेड 1 लेफ्ट एडक्टर स्ट्रेन है। बांग्लादेश के फिजियो बैजेदुल इस्लाम खान ने कहा, ₹शोरिफुल ने पहले टेस्ट के बाद एमआरआई कराया था और नतीजों में ग्रेड 1 बाएं एडिक्टर स्ट्रेन दिखा है। ऐसे मामलों में आमतौर पर ठीक होने में लगभग 10 दिन लगते हैं और उन्होंने अपना रिहैब शुरू कर दिया है।₹ तस्कीन करीब एक साल बाद इस फॉर्मेट में वापसी करने में कामयाब हुए हैं। पहले मैच में पहली पारी में शोरफुल इस्लाम ने बाबर आजम और कप्तान शान मसूद को आउट किया था, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने सैम आयूब को पवेलियन का रास्ता दिखाया। उन्होंने 22 रन का योगदान भी दिया था।

# दूसरे मैच में रहीम को लगी भयंकर चोट

## ▶▶ कंधे में दर्द के बाद मैदान से बाहर गए



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन बांग्लादेश के बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम फील्डिंग करने के दौरान चोटिल हो गए हैं। उनके कंधे में चोट लगी है और वह दर्द में दिखे, जिसके कारण उन्होंने ग्राउंड से बाहर जाने का फैसला किया। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का शुरुआती दिन शुक्रवार को लगातार बारिश के कारण धुल गया था। बांग्लादेश की टीम दो मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। बांग्लादेश ने पहले मैच में 10 विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस मैच में पाकिस्तान की दूसरी पारी पांचवें और अंतिम दिन महज 146 रन पर सिमट गई थी। पाकिस्तान की पहली पारी के 53वें ओवर में मुशफिकुर रहीम मिड ऑफ पर डाइव लगाकर गेंद को रोकने का प्रयास कर रहे थे इस दौरान उनके कंधे में चोट आई। इस दौरान मेडिकल टीम ने उनकी मदद की। हालांकि थोड़े देर खेल रुकने के बाद रहीम ने मैदान के बाहर जाने का फैसला किया। रहीम की चोट अगर गंभीर हुई तो बांग्लादेश के लिए ये बड़ा झटका होगा, क्योंकि टीम पहले ही तेज गेंदबाज शोरफुल इस्लाम के बाहर होने से कमजोर हो गई है। अगर रहीम मैच में आगे नहीं खेल पाते हैं तो बांग्लादेश की बल्लेबाजी पर भी असर पड़ेगा। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर इतिहास रचा था। पाकिस्तान की टीम अपनी दूसरी पारी में 146 रन पर ढेर हो गई और इस तरह से उसने बांग्लादेश के सामने 30 रन का लक्ष्य रखा।

# सितंबर माह में गणेश चतुर्थी के अलावा कई महत्वपूर्ण त्योहार

| | |
|---|---|
| 01 सितंबर 2024 | मासिक शिवरात्रि व्रत |
| 02 सितंबर 2024 | सोमवती अमावस्या |
| 06 सितंबर 2024 | हरतालिका तीज |
| 06 सितंबर 2024 | वाराह जयंती |
| 07 सितंबर 2024 | गणेश चतुर्थी |
| 07 सितंबर 2024 | विनायक चतुर्थी |
| 08 सितंबर 2024 | ऋषि पंचमी |
| 09 सितंबर 2024 | स्कंद षष्ठी व्रत |
| 10 सितंबर 2024 | ललिता सप्तमी |
| 11 सितंबर 2024 | राधा अष्टमी व्रत |
| 11 सितंबर 2024 | महालक्ष्मी व्रत |
| 12 सितंबर 2024 | गणेश विसर्जन |
| 14 सितंबर 2024 | परिवर्तिनी एकादशी |
| 15 सितंबर 2024 | वामन जयंती, |
| 15 सितंबर 2024 | ओणम |
| 16 सितंबर 2024 | विश्वकर्मा पूजा |
| 16 सितंबर 2024 | कन्या संक्रांति |
| 17 सितंबर 2024 | अनंत चतुर्दशी |
| 17 सितंबर 2024 | पूर्णिमा श्राद्ध |
| 17 सितंबर 2024 | भाद्रपद पूर्णिमा व्रत |
| 18 सितंबर 2024 | पितृपक्ष की शुरुआत |
| 18 सितंबर 2024 | प्रतिपदा श्राद्ध |
| 18 सितंबर 2024 | चंद्रग्रहण आंशिक |
| 18 सितंबर 2024 | भाद्रपद पूर्णिमा |
| 19 सितंबर 2024 | विश्वकर्मा पूजा |
| 19 सितंबर 2024 | कन्या संक्रांति |
| 21 सितंबर 2024 | विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी |
| 24 सितंबर 2024 | कालाष्टमी और मासिक कालाष्टमी |
| 25 सितंबर 2024 | जीवित्पुत्रिका व्रत |
| 28 सितंबर 2024 | इंदिरा एकादशी व्रत |
| 29 सितंबर 2024 | प्रदोष व्रत |
| 30 सितंबर 2024 | मासिक शिवरात्रि |

सितंबर का महीना तीज, त्योहार व्रत के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस महीने में गौरी पुत्र गणेश का आगमन होगा, 10 दिन के लिए घरों, पंडालों में गणपति जी विराजित होंगे। मान्यता है बप्पा अपने साथ खुशियां लेकर आते हैं। भक्तों के संकट दूर करने करते हैं।वहीं सितंबर में गणेश चतुर्थी के अलावा ऋषि पंचमी, सोमवती अमावस्या, हरतालिका तीज , राधा अष्टमी, ओणम, जीवित्पुत्रिका व्रत, परिवर्तिनी एकादशी आदि व्रत त्योहार भी आएंगे। सितंबर 2024 में ही पितृ पक्ष भी शुरू हो रहे हैं, ये अवधि पितरों को श्राद्धांजलि देने के लिए समर्पित है। वहीं इस साल का दूसरा चंद्र ग्रहण भी सितंबर में ही लगेगा। जानें सितंबर माह के व्रत-त्योहार की लिस्ट।



# स्लिम लुक के लिए कलर्स को अपनाएं



**ब्लैक :** ब्लैक कलर स्पेक्ट्रम में से सबसे डार्क कलर है, जो भ्रम पैदा करता है कि काले रंग की आउटफिट पहनने वाली महिला वास्तविकता से कुछ हद तक स्लिम नजर आती है। शायद यही कारण है कि थोड़ी हैवी बॉडी वाली महिलाएं हमेशा अपने वार्डरोब में ब्लैक आउटफिट को जगह देती हैं। इसके अलावा, नेवी ब्लू, चॉकलेट ब्राउन या डार्क ग्रे के शेड्स जैसे डार्क कलर भी आपको पतला होने का आभास देते हैं।

**मोनोक्रोमैटिक शेड्स :** यदि आप अपनी ऊंचाई को कम करना चाहते हैं और एक पतली दिखने वाली उपस्थिति प्राप्त करना चाहते हैं, तो ऊपर से नीचे तक मोनोक्रोमैटिक रंग पहनें। यह एक आसान ट्रिक है, जो आपको पतला दिखाने में मदद करती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि मोनोक्रोमैटिक शेड्स पहनने से आपकी बॉडी की विजुअल वर्टिकल लाइन क्रिएट होती है, जिसके कारण यह आपके शरीर के बल्की एरिया को भी पतला दिखाता है।

**करें कलर मिक्सिंग :** यह सच है कि स्लिम और ट्रिम दिखने के लिए मोनोक्रोम शेड्स को कैरी करना अच्छा आईडिया है। लेकिन यह जरूरी नहीं है कि आप हर बार एक ही तरह के रंगों से चिपकी रहें। आप कलर्स के साथ प्ले करके भी अपने लुक को एन्हांस कर सकती हैं, साथ ही स्लिम दिख सकती हैं। मसलन, डार्क और लाइट शेड्स का कॉम्बिनेशन आपको स्टाइलिश दिखा सकता है। जैसे डार्क बॉटम के साथ ब्राइट कलर टॉप का कॉम्बिनेशन अच्छा रहेगा।

# बच्चों के लिए भी फायदेमंद है होम्योपैथी इलाज



बड़ा हो या बच्चा हर किसी का स्वास्थ्य बहुत अहम होता है, लेकिन बच्चों के मामलों में स्वास्थ्य से जुड़ी बातें गंभीर हो जाती है। अक्सर पैरेंट्स ये कोशिश करते हैं कि उनके बच्चे को किसी भी तरह की परेशानियां न आए और अगर आ भी जाए तो उसे तुरंत ठीक कर लिया जाए। ऐसा ही तब देखा जाता है जब बच्चे की तबीयत खराब हो या फिर उसे स्वास्थ्य से जुड़ी कोई परेशानी हो, ऐसे में कई पैरेंट्स आज भी ये सोचत हैं कि बच्चे को कोई साइड इफेक्ट्स न हो इसलिए होम्योपैथिक इलाज करवा लेते हैं। होम्योपैथिक इलाज आज से नहीं बल्कि सदियों से एक सुरक्षित और असरदार इलाज के रूप में देखा जाता है, होम्योपैथिक से इलाज बच्चा, बड़ा या फिर कोई भी बुजुर्ग आसानी से करवा सकता है और इससे कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता। बच्चों के लिए इसे ज यादा सुरक्षित इसलिए भी माना जाता है क्योंकि अक्सर एलोपैथी दवा लेने के बाद बच्चों को नींद, थकान जैसी चीजें महसूस होती है लेकिन होम्योपैथी में ऐसा नहीं होता, ये काफी सुरक्षित इलाज माना जाता है।

## इम्यून सिस्टम को करता है मजबूत

होम्योपैथी इलाज को बच्चों के लिए इसलिए प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि ये बच्चे की किसी भी बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए काम करती है। इसके साथ ही होम्योपैथी इलाज के दौरान बच्चों को दी जाने वाली दवा बच्चे के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने का काम करती है। जिससे बच्चे किसी भी बीमारी से लड़ने में सक्षम होते हैं। बच्चों को ये दवा पसंद भी आ जाती है क्योंकि इस इलाज की दवाएं मीठी होती है जो बच्चे आसानी से खा लेते हैं और कोई जबरदस्ती नहीं करनी पड़ती।

## कई गंभीर बीमारियों का किया जाता है इलाज

बचपन में ही सर्जरी और ऑपरेशन और लंबा चलने वाले इलाज से ठीक होने वाली कई ऐसी गंभीर बीमारियां होती है जिनसे अक्सर माता-पिता डरते हैं। यही वजह है कि ज्यादातर पैरेंट्स होम्योपैथी की ओर रुख करते हैं। होम्योपैथी इलाज में बच्चों को होने वाले अस्थमा, शरीर में होने वाले आम संक्रमण, दस्त, पीलिया, दांत की समस्या, चिकनपॉक्स रोग जैसी बीमारियों को आसानी से ठीक किया जा सकता है।

## होम्योपैथी कैसे है फायदेमंद

होम्योपैथी एक ऐसा इलाज का जरिया है जिससे किसी को भी किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होता और ये एक सुरक्षित इलाज है। इसके साथ ही होम्योपैथी इलाज के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं की लत भी नहीं लगती। होम्योपैथी दवा, गर्भवती महिला, बच्चे, बड़े, बुजुर्ग या फिर गंभीर बीमारियों के रोगी भी इसकी दवा ले सकते हैं। इसके लिए कई जरूरी पेड़, पौधों और खनिजों का इस्तेमाल किया जाता है।

# झाइयों को भगाएं दूर



हर महिला खूबसूरत और बेदाग त्वचा चाहती है। लेकिन आजकल की लाइफस्टाइल, खान-पान में गड़बड़ी और तनाव के चलते महिलाओं को त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन चेहरे पर झाइयां एक ऐसी समस्या है जो महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशान करती है क्योंकि यह त्वचा पर काले धब्बों के रूप में दिखाई देती है जो चेहरे की खूबसूरती को कम कर देती है। मेलानिन का लेवल बढ़ने, अधिक समय तक धूप में रहने, पिंपल्स, हार्मोनल बदलाव, आनुवांशिक कारणों और दवाओं के साइड इफेक्ट के कारण पिग्मेंटेशन की समस्या हो सकती है।

स्किन पिग्मेंटेशन या डार्क स्पॉट्स एक ऐसी समस्या है जिससे ज्यादातर महिलाएं कभी न कभी जरूर परेशान रहती हैं। ये अनचाहे निशान सूरज के संपर्क से लेकर मुंहासे के बाद के प्रभाव तक कई कारणों से हो सकते हैं। लेकिन परेशान न हो क्योंकि हमारी किचन में कुछ ऐसे टिप्स उपलब्ध हैं जिन्हें हमारी पीढ़ियों द्वारा आजमाया और परखा गया है जो हमें सुझाव देते हैं कि कोई और कदम उठाने से पहले हम इन्हें जरूर आजमाएं।

**नींबू:** यह बात तो सभी जानते हैं कि नींबू का रस विटामिन सी से भरपूर होता है और निशान को ठीक करने में मदद करता है। लेकिन त्वचा पर लगाने से पहले इसे गुलाब जल या पानी से पतला करके इस्तेमाल करना चाहिए।

**टमाटर:** ये एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं और त्वचा को ठीक करते हैं। टमाटर में मौजूद लाइकोपीन डेड स्किन से छुटकारा पाने और त्वचा की रंगत को हल्का करने में फायदेमंद होता है। टमाटर का एक टुकड़ा त्वचा पर रगड़ने से टैनिंग और झाइयों से लड़ने में मदद मिलती है।

**शहद:** इसमें एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो त्वचा पर झाइयों के प्रभाव को कम करते हैं। इसे अकेले या दही और गुलाब जल के साथ मिक्स करके त्वचा पर मालिश के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

**एलोवेरा:** एलोवेरा जैल त्वचा की सभी समस्याओं से लड़ने में मदद करता है। जैल का एक टुकड़ा लें और इसे सीधे अपने चेहरे पर लगाएं। यह झाइयों के साथ-साथ त्वचा की जलन और सूजन को शांत करने में मदद करता है।

## क्लिनिक में उपलब्ध उपचार

अगर आपको घरेलू उपचारों से बहुत ज्यादा फर्क महसूस नहीं हो रहा है और आप झाइयों की समस्या से तुरंत छुटकारा पाना चाहती हैं तो आप क्लिनिक में उपलब्ध ट्रीटमेंट को अपना सकती हैं।

**पील:** त्वचा के प्रकार और झाइयों की गंभीरता के आधार पर विभिन्न प्रकार के पील होते हैं। इसमें लैक्टिक एसिड से लेकर डर्मेलमेलन पील तक शामिल हैं। ये त्वचा के पुनर्निर्माण और हेल्दी त्वचा को बढ़ावा देने के लिए काम करते हैं। स्ट्रॉंग पील के लिए कुछ डाउनटाइम हो सकता है, लेकिन आपको परेशान नहीं होना चाहिए।

**फेशियल:** अगर आप झाइयों से बचने के लिए ऊपर दिए गए दो में से किसी भी ट्रीटमेंट को नहीं लेना चाहती हैं तो आप मेडिकल फेशियल करवाएं। इनका परिणाम तत्काल ही दिखाई देता है जिससे आपकी त्वचा तुरंत कायाकल्प महसूस करती है। इसका कोई डाउनटाइम और साइड इफेक्ट नही है।

# स्मॉल किचन को दें स्पेशियस लुक



रसोई, घर का एक ऐसा कोना है जहां सभी की ज़रूरतों व इच्छाओं का भरपुर ख्याल रखा जाता है। ऐसे में जब बात हो रसोई के ही रख रखाव, या उसके लुक की तो स्वभाविक तौर पर नए-नए फंडे निकल आते हैं। लेकिन जब बात हो छोटी रसोई की तो यह काम थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। क्योंकि कम स्पेस की वजह से रसोई बिखरी-बिखरी ज्यादा लगती है। आप रसोईघर की जगह को ज यादा नहीं बदल सकते हैं। इतना ही नहीं आपको कोशिश कर के कम जगह में ही फिट होने का प्रयास करना चाहिए। इसके अलावा किचन को साफ सुथरा रखने के लिए एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि कम बर्तन हो, ताकि बर्तनों को आसानी से व्यवस्थित किया जा सके जिससे आपकी रसोई विशाल दिखे।

▸▸ दीवार का करें इस्तेमाल जब आप बहुत सारे बर्तनों को स्लेब पर या फिर फर्श पर रखते हैं तो जगह ज्यादा घिरती है। ऐसे में आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है बर्तनों को दीवार पर लटकाना, ऐसा करने के लिए आप झ शेप के हुक्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे रसोई की जगह भी कम इस्तेमाल होगी।

▸▸ इस्तेमाल करें नाइफ ब्लॉक्स यदि आपके रसोईघर में दराज हैं तो उनमें से केवल एक चाकू और चम्मच के लिए रखें। केवल आवश्यकता होने पर उन्हें बाहर निकालें। इससे रसोई की स्पेस की बर्बादी नहीं होगी। आप मानें या न मानें यह निश्चित रूप से एक छोटी रसोई में बर्तनों की व्यवस्था करने के लिए सबसे अच्छे ऑप्शन में से एक है।

▸▸ दराजों को करें विभाजित यदि आप सच में छोटी रसोई में बर्तनों को ढंग से जमाना चाहते हैं तो, सबसे बढ़िया आइडिया है रसोई में बनी दराजों को भरने के बजाए, उन्हें विभाजित कर लें। इसके लिए आप लकड़ी के खूंटी का प्रयोग कर, हर एक खंड में विशिष्ट बर्तन रख सकते हैं।

▸▸ बनाएं इन्सेट स्टोरेज अगर आप रोज़ काम आने वाले बर्तनों को जमाकर रखना चाहते हैं तो आप रसोई काउंटर के टॉप पर इन्सेट बर्तनों का स्टोरेज बनवा सकते हैं। इन्सेट बर्तनों से यहां अर्थ है काउंटर के टॉप पर दीवार पर ही छोटी-छोटी अलमारियां बनवा लें, जिनमें बर्तन रखे जा सकें।

▸▸ लगाएं स्लाईडिंग ट्रेज किसी भी रसोईघर में बर्तनों को व्यवस्थित करने के लिए सबसे सुविधाजनक तरीकों में से एक है दीवार पर शेल्फ लगवाना। साथ ही महत्वपूर्ण बर्तन पाने के लिए ट्रे निकाल सकते हैं।

▸▸ एक जैसी चीज़ों को एक साथ रखें रसोई व्यवस्थित तभी लगती है जब एक तरह के बर्तनों को एक साथ ही रखा जाए। कहने का अर्थ है कि अगर आप छोटी प्लेट्स के साथ बड़ी प्लेट्स को रखेंगे तो पूरी रसोई अव्यवस्थित लगेगी।

# खाना पकाने के पौष्टिक तरीके

**यदि आप सभी स्वास्थ्य के प्रति सचेत हैं पर खाना पकाने का सही तरीका चुनने से आपको अपने आहार में पोषक तत्वों के स्तर को बनाए रखने में मदद मिल सकती है, इसीलिए यह जानना जरूरी है कि कौन सा तरीका सबसे अच्छा है।**

**माइक्रोवेव :** भोजन को तैयार करने का बेहद आसान और सुविधाजनक तरीका है उसे माइक्रोवेव करना। माइक्रोवेव में पका हुआ भोजन पोषण मूल्य के मामले में सबसे हेल्दी विकल्प है। कम देर में खाना पकना और हीट या गर्मी के संपर्क में कम रहने की वजह से माइक्रोवेव किए गए भोजन में पोषक तत्व संरक्षित रहते हैं।माइक्रोवेव करने के दौरान हरी सब्जियों में मौजूद विटामिन सी का केवल 20 या 30 प्रतिशत हिस्सा ही नष्ट होता है, जोकि खाना पकाने के बाकी तरीकों की तुलना में बेहद कम है। लहसुन और मशरूम की एंटीऑक्सिडेंट गतिविधियों को बनाए रखने के लिए माइक्रोवेव करना पकाने का सबसे अच्छा तरीका है।

**रोस्टिंग :** रोस्टिंग की प्रक्रिया को अवन में ओपन फ्लेम पर भी किया जा सकता है। खाना पकाने की इस विधि में सभी तरह के विटामिन्स की हानि बेहद कम होती है जिसमें विटामिन सी भी शामिल है। इसमें सब्जियां जल्दी और आसानी से पक जाती हैं। घी और तेल का उपयोग कम होता है।



**ग्रिलिंग :** अगर आप इस तरह से खाना पकाते हैं तो इसमें घी या तेल का इस्तेमाल बहुत कम होता है। इस विधि में खाद्य पदार्थों के फ्लेवर और टेक्सचर सुरक्षित रहते हैं। इसमें पकाए जाने वाले खाद्य पदार्थ को ग्रिल के ऊपर रखते हैं, जिसमें नीचे से आंच लगती है।

**स्टीमिंग :** पोषक तत्वों को बनाए रखने की अगर बात हो तो इसमें स्टीमिंग यानि भाप में भोजन को पकाना सबसे अच्छा तरीका है। ताजा सब्जियां, चावल और दलिया को जहां तक संभव हो, कम पानी में भाप में पकाएं। मौसमी सब्जियों को स्टीमर या इडली बनाने वाले बर्तन या प्रेशर कुकर की भाप में पका सकते हैं। इसमें तेल की जरूरत नहीं होती और समय भी कम लगता है। इससे विटामिन व दूसरे पोषक तत्व भी सुरक्षित रहते हैं। न्यूट्रीशनिस्ट का कहना है कि कई सब्जियों जैसे बंदगोभी, फूलगोभी, ब्रोकली में कैंसर से लड़ने वाले तत्व होते हैं।

# इन मामूली सी चीजों से पाएं खूबसूरत और लंबे नेल्स



**संतरे का जूस :** 10 मिनट तक नाखूनों में संतरे का जूस लगाएं। इसके बाद गुनगुने पानी से हाथ धो लें। लगातार ऐसा करने से कुछ ही दिनों में नाखून बढ़ने लगेंगे। इसके अलावा चाहे तो संतरा खाने के बाद बचे छिलके को भी नाखूनों पर रगड़ने से नाखून जल्दी बढ़ जाते है।

**नींबू का रस :** एक कटोरी गर्म पानी में नींबू की कुछ बूंदें डालें।अब उस पानी में 5 मिनट के लिए अपनी उंगलियों को रहने दें। इसके बाद तुरंत हाथों को ठंडे पानी में डाल दें। इसके अलावा नींबू के छिलके को भी आप नाखूनों पर रगड़ सकती है। उसमें भी खूब मात्रा में नींबू का रस बचा होता है।

**नारियल तेल :** नाखूनों को बढ़ाने में नारियल तेल भी बहुत हैल्पफूल है। इस तेल को लगाने से नाखून मॉइस्चराइज होंगे और टूटेंगे नहीं। एक कटोरे में नारियल तेल डाल लें । इस तेल से नाखूनों क मालिश करें। इससे नाखून तेजी से बढ़ेंगे।

**ऑलिव ऑयल :** ऑलिव ऑयल भी नाखूनों को बढ़ाने में सहायक है। इसमें विटामिन ई होता है जो नाखूनों को पोषण प्रदान करता है जिससे नाखून तेजी से बढ़ते हैं। ऑलिव ऑयल को गर्म करके उससे कम से कम 3 मिनट तक नाखूनों पर मालिश करें। रोजाना ऐसा करने से कुछ ही दिनों में नाखून बढ़ने लगेंगे।

**लहसुन :** नाखून बढ़ाने के लिए लहसुन की कलियां लें। अब इन कलियों को बीच से काटकर नाखूनों पर मलें। इस नुस्खे को रात में करेंगे तो ज्यादा फायदा मिलेगा। रोजाना रात को कुछ दिनों तक लगातार लहसुन लगाने से नाखून बढ़ने शुरूहो जाएंगे।

**विटामिन ए :** नाखून बढ़ाने के लिए अपनी डाइट में 'विटामिन ए' जरूर शामिल करें। विटामिन का सेवन करने से नाखून मजबूत होने लगते हैं। शरीर में 'विटामिन ए' की कमी को पूरा करने के के लिए अंगूर, दूध, गाजर, पालक, मांस, मछली और अंडे करें।

# फैशन में सदाबहार जॉर्जेट साड़ियां

**साड़ियां तो सदाबहार हैं। ट्रेडिशनल ओकेशंस के साथ अन्य स्पेशल ओकेशंस के लिए यह परफेक्ट है। इस बार हम आपको जानकारी दे रहे हैं जॉर्जेट साड़ियों की। खास बात यह है कि अगर आप अपने वार्डरोब की जॉर्जेट की साड़ियों को भी अगर इस अंदाज में कैरी करेंगी तो यकीनन आपका स्टाइल और एटीट्यूट होगा औरों से जुदा।**

➤ सिंपल नार्मल जॉर्जेट की साड़ियों के साथ डिजाइनर ब्लाउज लेकर आप सिंप्लिसीटी में भी ग्रेस एड कर सकते हैं।

➤ इन लाइट वेट साड़ियों के साथ अगर आप थोड़ी-सी हैवी ज्वेलरी या एसेसरी कैरी करेंगे तो और भी बेहतर होगा।

➤ मैचिंग हेंडबेग्स, फुटवेअर्स का सही सिलेक्शन और डिफ्रेंट हेयर स्टाइल आपको ज्यादा ग्लैमरस लुक देगा।

➤ सामान्य-सी साड़ी को भी सही तरीके से ड्रेप करके भी मैजिक क्रिएट हो सकता है।

➤ इन छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर आप साड़ी में भी अपना स्टाइल और स्टेटमेंट लोगों को बयां कर सकती हैं।



## आज की रेसिपी

# कटहल बिरयानी



**कभी सोचा है बिरयानी में सबसे स्वादिष्ट क्या होता है... खैर बिरयानी के चाहने वालों के लिए इसके अलग-अलग जवाब हो सकते हैं. लेकिन हम आपको बता रहे हैं एक ऐसी बिरयानी रेसिपी के बारे में, जो आज से आपकी फेवरेट होने वाली है...**

**सामग्री :**

- 300 ग्रा. कटहल, 60 ग्रा. दही, 30 ग्रा.अदरक-लहसुन का पेस्ट, 200 ग्रा. बासमती चावल (4 मिनट के लिए उबलते पानी में पकाए हुए), 15 ग्रा. घर का बना गरम मसाला नमक, 5 ग्राम लाल मिर्च पाउडर, 600 (मिली.) पानी, 30 (मिली.) घी, 10 ग्राम भूरा प्याज एक चुटकी केसर, 10 ग्रा. धनिया पत्ती, 5 ग्राम पुदीना, आटा

**घर के बने मसाले के लिए:**

- 5 ग्राम स्टार ऐनीज़, 5 ग्राम जावित्रीऽ 5 ग्राम इलायची, 5 ग्राम हरी इलायची, 5 ग्राम जीरा, 5 ग्राम साबुत धनिया, 5 ग्राम लौंग, 5 ग्राम साबुत लाल, मर्च, 5 ग्राम दालचीनी

**विधि :**

- सबसे पहले एक कटोरे में कटहल डाल लें. इसके ऊपर अदरक-लहसुन का पेस्ट, नमक, लाल मिर्च पाउडर और दही डालकर मिक्स कर लें. इसे ढककर 3 घंटे के लिए रख दें.
- अब एक दूसरे बर्तन में घी लें. इसमें मैरिनेटिड कटहल को डालें. इसे हल्की आंच पर पकाना शुरू करें. पकाने के लिए आप हांडी, कुकर या कोई कड़ाही ले सकते हैं.
- हल्की आंच पर पकाते हुए गरम मसाला भी डालें.
- अब 200 ग्राम भीगे चावल डालें और 600 एमएल गरम पानी डालें.
- अब दम के लिए गुंधा हुआ आटा लेकर इसे सील कर दें. हल्की आंच पर 20 मिनट तक पकाएं.
- जब तक बिरयानी में दम लग रहा है आप रायता या चटनी तैयार कर लें. तैयार होने के बाद रायते के सर्व करें.

# सेंधा नमक के फायदे



**चेहरे की साफ-सफाई :** आपके फेस क्लींजर पर थोड़ा-सा सेंधा नमक छिड़कें और इसे अपने चेहरे पर सर्कुलर मोशन में रगड़े। सेंधा नमक से त्वचा के डेड सेल्स निकल जाएंगे और आपकी त्वचा अच्छी हो जाएगी।

**जली-झुलसी त्वचा :** सनबर्न या धूप में झुलसी त्वचा को राहत देने के लिए दो चम्मच सेंधा नमक को एक कप पानी में मिलाएं और इसे एक स्प्रे बॉटल में भरें। झुलसी हुई त्वचा की जलन कम करने के लिए इसे प्रभावित हिस्सों पर छिड़कें या स्प्रे करें।

**ब्लैकहेड्स :** ब्लैकहेड निकालने के लिए सेंधा नमक एक बहुत ही बढिया विकल्प है। 1 टेबलस्पून एप्सम सॉल्ट को एक चौथाई गर्म पानी में घोलें। ठंडा होने के बाद इस मिश्रण में सुई डुबाकर अपनी नाक पर लगाएं। 5-10 मिनट बाद गुनगुने पानी से साफ करें।

**चेहरे पर चिपचिप :** त्वचा पर चिपचिपाहट महसूस होने पर इसे कम करने और चेहरे से तेल छुड़ाने के लिए आधा टेबलस्पून सेंधा नमक में दो चम्मच दही मिलाएं और फिर इसे अपने चेहरे पर मलें।

# ट्वीट कर मीडिया पर भड़कीं कंगना रनौत



कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी 06 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले कंगना रनौत प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसके लिए वो अलग-अलग मीडिया पोर्टल को इंटरव्यू दे रही हैं। फिल्म के प्रमोशन के लिए एक मीडिया पोर्टल को दिए इंटरव्यू के बाद कंगना रनौत का उस मीडिया पोर्टल पर गुस्सा फूटा है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर ट्वीट करके मीडिया पोर्टल के साथ नाराजगी जाहिर की है।

उन्होंने ट्वीट कर उस मीडिया पोर्टल से कहा, "जर्नलिज्म की इज्जत रखो।" दरअसल, मीडिया पोर्टल ने कंगना रनौत के इंटरव्यू के इंटरव्यू का सिर्फ एक छोटा क्लिप जारी किया है। इस क्लिप में कंगना रनौत किसान आंदोलन और आरक्षण पर अपनी राय देती नजर आ रही हैं। कंगना ने इसी बात पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने मीडिया पोर्टल से कहा, "एक बार पूरा इंटरव्यू डालो, अनकट, डरते क्यों हो?"
कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को बैन करने की मांग हो रही है। फिल्म में कंगना रनौत ने इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है। इस फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी के जीवन की अलग-अलग पहलुओं को दर्शाती नजर आएंगी।

फिल्म में कंगना रनौत के अलावा, श्रेयस तलपड़े, अनुपम खेर, महिमा चौधरी, सतीश कौशिक और मिलिंद सोमन जैसे कलाकार नजर आएंगे।

कंगना ने अपने ट्वीट पर लिखा- अरे लल्लनजी और कितना एडिट करोगे, आपके मास्टर्स अभी भी खुश नहीं हुए आपसे? एक बार सारा इंटरव्यू डालो, अनकट, डरते क्यों हो? इसी के साथ कंगना रनौत ने लिखा- संगीत का चयन और दो घंटे की बातचीत से छोटे-छोटे शॉट्स काटकर संदर्भ से बाहर चिपका दिए गए, वाह!! इतना असुरक्षित महसूस हो रहा है कि चार दिन हो गए हैं, मेरी टीम पूरा इंटरव्यू मांग रही है, लेकिन आप अभी भी इंटरव्यू नहीं दे पाए? आपने बुलाया और हम आ गए लेकिन कुछ तो जर्नलिज्म की इज्जत रखो, कि सब बेच दिया?"

# 'भूल भुलैया' की मंजूलिका बनीं अंकिता लोखंडे




टीवी शो 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' काफी पॉपुलर हो चुका है। शो की कास्ट जमकर फैंस का एंटरटेनमेंट करती है और इसी क्रम में अंकिता लोखंडे हाल ही में भुल भुलैया की मंजूलिका वाले मोड में आ गईं। अंकिता लोखंडे ने 'भूल भुलैया' फिल्म के सुपरहिट ट्रैक 'मेरे ढोलना सुन' पर जबरदस्त डांस किया। एक तरफ जहां सभी लोग अंकिता लोखंडे की परफॉर्मेंस देखकर दंग रह गए, वहीं दूसरी तरफ अली गोनी ने कुछ ऐसा किया कि लोगों के लिए हंसी रोकना मुश्किल हो गया।

अंकिता लोखंडे और अली गोनी का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल है। जब अंकिता लोखंडे 'मेरे ढोलना सुन, मेरे प्यार की धुन' गाने पर कमाल का डांस कर रही हैं तभी अली गोनी अपनी उंगली और दूसरे हाथ में भिंडी पकड़कर क्रॉस का निशान बनानकर अंकिता लोखंडे की तरफ बढ़ते नजर आ रहे हैं। अली गोनी किसी प्रीस्ट की तरह अंकिता लोखंडे की तरफ भिंडी से बनाया गया यह क्रॉस का निशान दिखा रहे हैं। हालांकि इससे अंकिता डिसट्रैक्ट नहीं हो रही हैं। अंकिता लोखंडे रियलिटी टीवी शो बिग बॉस का भी हिस्सा रही थीं जिसमें फैंस ने पहली बार उनका रीयल अवतार देखा। अंकिता लोखंडे अपने पति विकी जैन के साथ शो में आई थीं। अंकिता लोखंडे और विकी जैन का बिग बॉस 17 में नील भट्ट और ऐश्वर्या शर्मा के साथ झगड़ा काफी चर्चा में रहा था। शो में नील भट्ट जहां अपनी पत्नी ऐश्वर्या को लेकर ओवर प्रोटेक्टिव थे, वहीं ऐश्वर्या कई बार बेवजह तमाशा बनाने लग जाती थीं। मालूम हो कि 'भूल भुलैया' एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है जिसके पहले पार्ट में विद्या बालन ने एक ऐसी औरत का किरदार निभाया था जिस पर भूत का साया है। हालांकि कहानी के क्लाइमैक्स में कुछ और ही राज खुलता है। यह फिल्म और इसका गाना इतना बड़ा हिट रहा था कि इसका अब तीसरा पार्ट आने जा रहा है। पहले पार्ट में जहां अक्षय कुमार ने लीड रोल प्ले किया था, वहीं अब दूसरे और तीसरे पार्ट में कार्तिक आर्यन नजर आए हैं। फिल्म का तीसरा पार्ट इस साल की आखिर तक रिलीज हो सकता है।

# दीपिका की डिलीवरी डेट आई सामने

दीपिका पादुकोण प्रेग्नेंट हैं और अगले महीने ही बच्चे को जन्म देने वाली हैं। इस साल फरवरी में दीपिका और रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर प्रेग्नेंसी की जानकारी दी थी। उस पोस्ट को दोनों के फैन्स से काफी प्यार मिला था। आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा, सोनम कपूर समेत तमाम एक्ट्रेस ने दीपिका और रणवीर को बधाई दी थी। पोस्ट में बताया गया था कि दीपिका सितंबर महीने में मां बनने वाली हैं।




अब वह तारीख भी सामने आ गई है, जिस दिन उनके बच्चे को जन्म देने की संभावना जताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक दीपिका 28 सितंबर को दक्षिणी मुंबई के एक अस्पताल में बच्चे को जन्म दे सकती हैं। इस समय उन्होंने अपने फिल्मों के काम से ब्रेक ले रखा है और अपने प्रेग्नेंसी टाइम को इंजॉय कर रही हैं। दीपिका और रणवीर के फैन्स भी कपल के पहले बच्चे का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले कई अटकलें लग रही थीं कि हो सकता हो दीपिका के बच्चे की डिलिवरी लंदन में हो, लेकिन अब यह साफ हो गया है कि मुंबई के ही अस्पताल में डिलिवरी होने जा रही है। इतना ही नहीं, दीपिका बच्चे को जन्म देने के तुरंत बाद काम पर वापस नहीं लौटने वाली हैं। वह बच्चे को कुछ महीने तक अपना पूरा समय देंगी। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है अगले साल मार्च तक वह मैटरनिटी लीव पर हैं और उसके बाद ही फिल्मों की शूटिंग शुरू करेंगी। दीपिका कल्कि फिल्म की शूटिंग करेंगी, जिसमें अमिताभ बच्चन, कमल हासन और प्रभास सरीखे जाने पहचाने नाम हैं। कल्कि-2 को नाग अश्विन डायरेक्ट कर रहे हैं और इसकी शुरुआत जनवरी-फरवरी, 2025 से हो सकती है।

# अमिताभ ने केबीसी के सेट से किया अजीब पोस्ट

अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वह इसके जरिए फैंस के साथ इंटरैक्ट करते रहते हैं। अब बिग बी ने एक पोस्ट किया है जिसको लेकर काफी चर्चा हो रही है। इस पोस्ट के साथ बिग बी ने अपनी केबीसी के सेट से फोटो शेयर की है। फोटो में आप देखेंगे कि बिग बी ने अपने चेहरे पर हाथ रखा हुआ है और पीछे हेयर स्टाइलिस्ट उनके बाल सेट कर रहा है। इस फोटो को शेयर कर बिग बी ने लिखा कि कुछ नया कहने को है नहीं, तो। बिग बी के इस पोस्ट पर फैंस ने खूब कमेंट्स किए हैं।

किसी ने लिखा कि आपकी तस्वीर और शब्दों में वही सादगी और गहराई है जो हमेशा दिल को छू जाती है। कुछ नया न सही, पर हर बार एक नई प्रेरणा जरूर मिलती है। आपकी उपस्थिति ही अपने आप में एक महान संदेश है। एक ने लिखा कि कभी-कभी खामोशी भी बहुत कुछ कह जाती है। बता दें कि केबीसी के जरिए ना सिर्फ दर्शकों को ज्ञान मिलता है बल्कि बिग बी यहां बड़ी सीख देते हैं। हाल ही में जब एक कंटेस्टेंट ने अविवाहित महिलाओं को बोझ कहा था तब बिग बी ने उनकी सबके सामने क्लास लगा दी थी। बिग बी ने कहा था कि एक बात बताएं आपको। लड़की जो है बोझ कभी नहीं बन सकती। बहुत बड़ी शान होती हैं महिला। बिग बी की फिल्मों की बात करें तो वह लास्ट कल्कि 2898 एडी में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ दीपिका पादुकोण, प्रभास लीड रोल में थे। फिल्म तेलुगू, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिन्दी भाषा में रिलीज हुई है। फिल्म ने 15 दिन में वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ की कमाई कर ली थी। अब रिपोर्ट्स की मानें तो बिग बी रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन में नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए दोनों 32 साल बाद साथ नजर आएंगे।



# एक्ट्रेस से टेक स्टार्टअप फाउंडर बनीं श्रद्धा मुसाले

भारत एक ऐसे समाज मे, जहां महिलाओं की आवाज प्रायः नहीं सुनी जाती और उनकी उपस्थिति को पूरी मानता नहीं मिलती, तब ऐसे मंचों की जरूरत है, जो महिला को उनके नेतृत्व और पर्सनल ब्रांडिंग , जो कभी भी ज्यादा नहीं रही है , को बढ़ाने के साधन से सुसज्ज कर सके. भारत के प्रमुख फिनिशिंग स्कूल, फ्यूचर तैयारी ने इस तनावपूर्ण जरूरत की पहचान करते हुए मुंबई में आज ग्रेविटास के सेमिनार की मेजबानी की .यह इस तरह का प्रथमं लाइव ट्रांसफॉर्मेशन इवेंट महिला लीडर्स को उनके व्यक्तिगत और प्रोफेशनल जीवन को ऊपर उठने में उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक इमेज मैं बदलाव करने वाले अनुभव को डिलीवर करने के लिए उद्योग विशेषज्ञों के स्टार जड़ित पैनल को एक साथ लाया है. एक्ट्रेस से टेक उद्यमी बनी श्रद्धा मुसाले की अगुवाई मे ग्रेविटास इंटरनेशनल इमेज एवं ट्रांसफॉर्मेशन कोच,परमिता काटकर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट, ओजस राजानी, एटिकेट और ग्रूमिंग कोच, गीतार्ष कौर, फैशन एवं सेलिब्रिटी फोटोग्राफर, मुन्ना ठाकुर और सेलिब्रिटी स्टाइलिश, मनोशी नाथ और ऋषि शर्मा सहित टॉप उद्योग प्रोफेशनल की अगुवाई में ट्रांसफॉर्मेटिव सेशन की श्रृंखला आयोजित हुई. इस इवेंट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धा मुसाले ने कहा, ग्रेविटास सिर्फ एक इवेंट नहीं है; बल्कि महिलाओं की आवाज सुनी जाने और उन्हें वह सम्मान दिलाने जो वह डिजर्व करती हैं, के लिए उन्हें सशक्त बनाने का एक आंदोलन है.



# सलमान नहीं होंगे बिग बॉस 18 के होस्ट ?

बिग बॉस ओटीटी 3 खत्म हो चुका है। इस सीजन विनर का खिताब सना मकबूल ने अपने नाम किया। इस शो को इस बार सलमान खान की जगह अनिल कपूर ने होस्ट किया था। इस बात से फैंस काफी निराश भी हुए थे। ऐसे में अब दर्शकों को बिग बॉस 18 के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार है। ऐसा हो भी क्यों न सलमान के फैंस उन्हें एक बार फिर से शो में देखने के लिए बेताब जो हैं। बिग बॉस 18 के लिए कुछ कंटेस्टेंट की लिस्ट भी सामने आ चुकी है, लेकिन अभी तक आधिकारिक रूप से घोषणा नहीं हुई है। वहीं, अब इसी बीच बिग बॉस 18 को लेकर एक शॉकिंग खबर सामने आ रही है, जिसे सुनने के बाद बाद यकीनन आपको झटका लगना तय है।



बिग बॉस 18 को लेकर एक बेहद ही बुरी खबर सोशल मीडिया पर सामने आ रही है। biggboss.tazakhabar ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट में बताया है कि इस बार बिग बॉस 18 को सलमान खान होस्ट नहीं करगें। इस खबर ने फैंस का दिल तोड़ दिया है। ये खबर सामने आते ही यूजर्स न सिर्फ निराश हुए बल्कि उन्होंने यहां तक कहा कि अगर सलमान खान इस शो के होस्ट नहीं होंगे तो वो बिग बॉस नहीं देखेंगे। हालांकि अभी तक कुछ कंफर्म नहीं है, लेकिन अगर ऐसा हुआ तो कहीं ऐसा न हो कि बिग बॉस ओटीटी की तरह इसकी भी टीआरपी पर भी असर पड़ सकता है। इसी पोस्ट में सलमान खान के बिग बॉस 18 शो होस्ट न करने के पीछे की वजह भी बताई गई है। हालांकि ये बात कितनी सही है कितनी नहीं ये नहीं कहा जा सकता है। इस पोस्ट में बताया गया है कि सलमान खान हेल्थ इश्यूज की वजह से शो को होस्ट नहीं कर पाएंगे। दरअसल, उनकी पसलियों में चोट है। हाल ही में सलमान खान मुंबई में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। जहां कुर्सी से उठने के दौरान उन्हें काफी दिक्कत हुई। तभी पता चला कि एक्टर के पसलियों में चोट लगी है। खबर है इसी वजह से वो शायद शो को होस्ट नहीं कर पाएंगे और उनकी आने वाली फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग भी इसकी कारण से रुक गई है।

# क्या काव्या भी छोड़ रही हैं अनुपमा ?

सुधांशु पांडे के अनुपमा शो छोड़ने की खबर से पहले ही सब हैरान हैं। किसी को समझ नहीं आ रहा कि आखिर उन्होंने क्यों शो छोड़ा। सुधांशु के जाने से पहले ही सब हैरान हैं ही कि इसी बीच दूसरे एक्टर के भी शो छोड़ने की खबर आने लगी। ऐसा कहा जाने लगा कि शो में काव्या का किरदार निभाने वालीं मदालसा शर्मा भी शो छोड़ रही हैं। दरअसल, काफी समय से मदालसा शो में नजर नहीं आ रही हैं। अब मदालसा ने इन खबरों पर अपना रिएक्शन दिया है। मदालसा ने कहा, 'किसने कहा मैंने शो छोड़ दिया है। मैंने शो नहीं छोड़ा है। मैं शो का बिल्कुल हिस्सा हूं। मैं बस अभी इस पर कोई कमेंट नहीं कर सकती। अभी तक इस पर कोई क्लिएरिटी हीं है। यह सब खबरें गलत हैं।' मदालसा से जब शो में नजर नहीं आने की पीछे की वजह पूछी तो उन्होंने बताया कि वह भारत में नहीं हैं फिलहाल। अभी मैं आउट ऑफ कंट्री हूं इसलिए मैंने ब्रेक लिया है। फिलहाल मैं शो के लिए शूट नहीं कर रही हूं।



प्रसिद्ध सितार वादक उस्ताद शुजात हुसैन खान, रोटरी क्लब ऑफ बॉम्बे के अध्यक्ष सत्यन इसरानी और मुंबई और पालघर जिले के पूर्व जिला गवर्नर संदीप अगरवाला 29 अगस्त को मुंबई में वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के लिए धन जुटाने के लिए रोटरी क्लब ऑफ बॉम्बे द्वारा आयोजित दिल से कार्यक्रम में भाग लिया ।

# वैदिक शिक्षा का अनुसरण करके ही होगा नये भारत का विकास

**नोएडा ( चेतना मंच )।** डीएवी स्कूल नोएडा में चलने वाले वेद सप्ताह के समापन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परंपरा का निर्वाह करते हुए यज्ञ से किया गया जिसमें विद्यार्थियों , अभिभावकों तथा अध्यापकों ने अर्थववेद के मंत्रों की आहुतियां दी।

समापन समारोह में हुए यज्ञ में पूर्णाहुति एन के ऑबेरॉय (विद्यालय केचेयरमैन), मैनेजर श्रीमती चित्रा नाकरा, प्रधानाचार्या श्रीमती चित्राकांत द्वारा दी गई।

स्कूल में हुए समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के आरंभ में प्रधानाचार्या श्रीमती चित्राकांत ने सर्वप्रथम विद्यालय के चेयरमैन एन के ऑबेरॉय, मैनेजर श्रीमती चित्रा नाकरा एवं ग़ाजियाबाद स्थित संन्यास आश्रम के स्वामी सत्यवेश एवं साध्वी गायत्री देवी का पुष्पों द्वारा स्वागत किया। विद्यार्थियों द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।

प्रधानाचार्या श्रीमती चित्रा कांत ने वेद सप्ताह के अंतर्गत किए गए कार्यक्रम एवं छात्रों के संपूर्ण विकास एवं सुरक्षा से संबंधित आयोजित कार्यशालाओं का ब्यौरा दिया। विद्यालय के धर्माचार्य करण सिंह ने वेद की शिक्षाओं एवं आर्य समाज की विशिष्टताओं के बारे में बताया।

विद्यालय के एन के ऑबेरॉय ने वेदों की शिक्षाओं को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने ओम का सिमरन किया करो, मधुर गीत गाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।






कार्यक्रम में स्वामी सत्यवेश ने विद्यार्थियों को यज्ञ तथा वैदिक मूल्यों को अपने जीवन में उतारने व स्वाध्याय व दूसरों के साथ बाँटने की सीख दी। मैनेजर श्रीमती चित्रा नाकरा ने कहा वेद ज्ञान का भंडार है। वेद हमें स्वयं को समझने की समझ उत्पन्न करते हैं।

विद्यालय की प्रिन्सिपल श्रीमती चित्रा कांत ने कहा कि वेदों की वाणी तथा उनका सार अपने जीवन में उतार कर ही जीवन को सफल बनाया जा सकता है। अभिभावकों ने विद्यालय में किए गए इस कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की।

# विदित चौधरी को सह प्रभारी बनाने पर कांग्रेसियों ने दी बधाई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** महानगर काँग्रेस कमेटी नोएडा के अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय सचिव विदित चौधरी के नोएडा स्थित आवास पर हिमाचल प्रदेश व चंडीगढ़ का सहप्रभारी बनने पर फूल मालाओं एव ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर ने बताया कि किसान परिवार से काँग्रेस पार्टी में ब्लॉक स्तर से राजनीति की शुरुआत करने वाले विदित चौधरी को राष्ट्रीय कमेटी में जगह मिला गौरव की बात है।

पूर्व महानगर अध्यक्ष शहाबुदीन ने कहा है कि श्री चौधरी काँग्रेस पार्टी में ब्लॉक स्तर से लेकर प्रदेश कमेटी में महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। मजबूती से काँग्रेस पार्टी में कार्य करते आ रहे, अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय सचिव लियाकत चौधरी ने कहा है कि यूथ कांग्रेस के साथी को आज राष्ट्रीय कमेटी में जगह मिली है।

पूर्व प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा ने कहा है कि हम सभी विदित चौधरी को बधाई देते हैं और शीर्ष नेतृत्व श्रीमती सोनिया गाँधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मालिकार्जुन खड़गे, श्रीमती प्रियंका गाँधी, सगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, नवनियुक्त धीरज गुजर्र सहित वरिष्ठ नेताओं का ह्रदय से आभार व्यक्त करते है।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव,प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर, पूर्व अध्यक्ष शहाबुदीन,अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय सचिव लियाकत चौधरी, पूर्व प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ नेता दयाशंकर पांडेय, प्रेम शहा, जगपाल चौहान, राज सिंह गुजर्र, परवेज खान, राजेन्द्र सिंह, आसिफ खान, वीर सिंह, सूरज धाम, नासिर, राहुल, प्रदेश सदस्य यतेंद्र शर्मा, नेता विक्रम चौधरी सहित कार्यकर्ता रहे।

# सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श पर हुई कार्यशाला



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सुंदर मस्तिष्क, सुंदर विचार दूसरों का मार्ग प्रशस्त करते हैं तथा बच्चों में 'सुरक्षित व असुरक्षित स्पर्श 'की समझ आज की आवश्यकता है, इसलिए सरला चोपड़ा डीएवी पब्लिक स्कूल नोएडा में अन्वाइंड और क्योर संस्था द्वारा सुरक्षित व असुरक्षित स्पर्श के महत्व से संबंधित कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें बाल मनोवैज्ञानिक श्रीमती दीपान्विता ने कहा कि हमें अपनी सुरक्षा का ध्यान स्वयं रखना चाहिए।

कार्यशाला में उन्होंने बताया कि स्पर्श तीन प्रकार के होते हैं- सुरक्षित स्पर्श, असुरक्षित स्पर्श, अवांछनीय स्पर्श। उन्होंने वीडियो दिखाकर और विभिन्न कहानियाँ सुना कर बातों ही बातों में विभिन्न स्पर्शों के अंतर को समझाया है।

कार्यशाला का समापन छात्रों के प्रश्नोत्तर तथा उनकी जिज्ञासु प्रवृति के सक्रिय विचारों के आदान-प्रदान के साथ हुआ।

विद्यालय की प्रिन्सिपल श्रीमती चित्राकांत ने विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में शामिल महत्वपूर्ण शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने की सीख दी।

# नीमा की नई कार्यकारणी का हुआ गठन



**नोएडा( चेतना मंच )।** सेक्टर -23 के कोमयुनिटी सेन्टर में नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) की जनरल बोड़ी की बैठक हुई। जिसमें नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा हुई व सभी वरिष्ठ साथियों ने अपने विचार रखे व सर्व सम्मति से पुरानी कार्यकारिणी को ही सर्व सम्मति से अगले 2 वर्ष के लिऐ चुन लिया गया। जिसमें डा मुकेश शर्मा अध्यक्ष, डा अनूप गुप्ता महासचिव, डा दीपक त्यागी कोषाध्यक्ष ,पैटर्न-डा बी पी सिंह, डा दिनेश शर्मा ,डा अशोक सिंह को चुना गया, उपाध्यक्ष डा स्नेह लता ,डॉ प्रसनजीत मैत्रा,सलाहकार डा संजय वार्ष्णेय ,डा राजीव त्यागी वरिष्ठ सदस्य, डा. अनन्त तिरपाठी, डा. कपिल त्यागी, डा. भोजराज, डा. रमेश चावड़ा, डा. सुनीता चौधरी अध्यक्ष (नीमा वीमेन फ़ोरम), डा. राजेन्द्र प्रसाद, डा. सी एम् शुक्ला उपाध्यक्ष( भु.पु), डा. अक्षय चोहान, डा. अरकान अंसारी, डा. रश्मि अग्रवाल, डा. रितु तिरपाठी, डा. भानु शर्मा, डा. दीपिका अनिल, डा. हेमलता सोनी, डा. भरत भाटी, डा. सुमित पाठक, डा. नर्गिस आहूजा व अन्य वरिष्ठ डाक्टर मोजूद रहे।

# यतेन्द्र शर्मा ने दी शुभकामनाएं



**नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव व हिमाचल व चंडीगढ़ के सहप्रभारी बनाये जाने पर विदित चौधरी को गुलदस्ता देकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा ने शुभकामनाएं व बधाई दी।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा ने कहा कि कांग्रेस में जो लोग मेहनत करते हैं कांग्रेस पार्टी उनको आगे बढ़ने का काम करती है।

# प्राधिकरण ने सेक्टर-20 और सेक्टर-117 में चलाया सफाईगिरी अभियान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा अथॉरिटी द्वारा सैक्टर-20 में सफ़ाईगिरी कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। इस दौरान सेक्टरवासियों को नोएडा को स्वच्छ बनाने की शपथ भी दिलाई गई। सफाईगिरी का अभियान सेक्टर-117 में भी चलाया गया।

सेक्टर-20 में सफाईगिरी कार्यक्रम में नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एस पी सिंह, डीजीएम राजेश सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल, प्रेमसेन, प्रबंधक रतिराम तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष रामपाल भाटी ने सेक्टर में ग्रीन बेल्ट, पार्कों में सफ़ाई, पेड़ों की कटिंग ना होना, पीने के पानी व सीवर की समस्या, स्ट्रीट लाइट तथा अन्य समस्याओं से प्राधिकरण के अधिकारियों को अवगत कराया।

महाप्रबंधक एसपी सिंह ने सभी समस्याओं को नोट किया और आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का जल्दी से जल्दी समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर फ़ोनरवा महासचिव के के जैन ने सभी उपस्थित लोगों को सफ़ाई रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अध्यक्ष रामपाल भाटी,विक्की लाल शर्मा दिनेश ठाकुर प्रदीप के वी, रण सिंह बंसल व बड़ी संख्या में सैक्टरवासियों ने इस कार्यक्रम हिस्सा लिया।

सेक्टर-117 में आयोजित सफाईगिरी कार्यक्रम में प्राधिकरण द्वारा कराये गये विकास कार्यों के लिए निवासियों ने सभी अधिकारियों



का अभिवादन किया। सेक्टर-117 में सफाई गिरी प्रोग्राम में आरडब्लूए अध्यक्ष एड. कोसिंदर यादव द्वारा बताया कि केवल10-12 साल पुराने सेक्टर-117 को प्राधिकरण द्वारा अधिकांश जरूरी सुविधाओं से सुसज्जित करने का कार्य किया गया है।

सफाईगिरी प्रोग्राम में फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने सभी सेक्टरवासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का यूज न करने व पूरे शहर को स्वच्छ रखने के लिए निवेदन किया जिससे कि हमारा शहर स्वच्छता में देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सकें। कोषाध्यक्ष फोनरवा पवन यादव द्वारा सभी सेक्टरवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष फोनरवा सुशील यादव ने इस अवसर पर कहा कि जब इंदौर के निवासी अपने शहर को निरंतर स्वच्छ रख सकते है तो हम क्यों नहीं।

इस अवसर पर श्रीकृष्ण अपार्टमेंट के अध्यक्ष सोमेन्द्र यादव, आरडब्लूए सेक्टर-117 के कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार, नोएडा प्राधिकरण के सीविल विभाग के वरिष्ठ प्रबन्धक के.वी. सिंह, प्रबन्धक आदित्य चौहान, इन्जीनियर एम.एल रावत, हेल्थ विभाग से वरिष्ठ प्रबन्धक आर.के. शर्मा, इन्जीनियर विकास पराशर, जल/सीवर विभाग से प्रबन्धक पवन, विधुत यांत्रिकी विभाग से राजीव यादव, होर्टीकल्चर विभाग से इंस्पेक्टर तेजेन्द्र सिंह पुनिया, फोनरवा से विनोद शर्मा, भूषण शर्मा, राजेश सिंह, सेक्टर-117 से हर्ष मोहन जखमोला, डा. सुमित गुप्ता, बन्टी यादव, रामेश्वर शर्मा, रविन्द्र यादव, राजकुमार, कुलदीप पाल, कुलदीप शर्मा, अजय शुक्ला आदि काफी संख्या में सेक्टीवासी मौजूद रहे।

# बिजली के बिल के समाधान को लेकर बनाई रणनीति

**नोएडा ( चेतना मंच )।** डीडी आरडब्लूए फेडरेशन द्वारा बिजली के बिल की समस्या के समाधान के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों और बिजली का बिल की MRI करने वाली वाली और बिल जेनरेट करने वाली कंपनियों के साथ मीटिंग की गई।

मीटिंग के दौरान विद्युत विभाग से एसडीओ समर्थ श्रीवास्तव, जूनियर इंजीनियर रामआसरे और उनकी टीम के साथ विपिन कुमार धवन, साई कंप्यूटर लिमिटेड मेरठ (Discom Head) ऊपर के मीटर की रीडिंग लेते हैं और बिल जेनरेट करते हैं उसे कंपनी के अधिकारी भी



मीटिंग में शामिल रहे।

जिस पर एसडीओ और विपिन कुमार धवन साई कंप्यूटर लिमिटेड मेरठ (Discom Head) द्वारा गहनता से सभी निवासियों की शिकायतें सुनी गई। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति मीटर रीडिंग लेने आएगा वह अपना आइडेंटिटी कार्ड दिखाएगा और एमआरआई रीडिंग के एक सप्ताह के भीतर सभी बिल निवासियों के घर तक पहुंच जाएंगे।

इस अवसर पर एनपी सिंह अध्यक्ष डीडीआरडब्लूए, संजीव कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीडीआरडब्ल्यू, अनिल खन्ना, अनिल सिंह उपाध्यक्ष, सेक्टर 33 से वी के कपूर, महिपाल सिंह, सुंदर सिंह राणा, श्रीमती अनीता पांडे, श्रीमती अंजलि, श्रीमती रितु ढीलान, रमेश राठौड़, रमेश राठौड़, आशुतोष, बीएन राय इत्यादि मौजूद रहे।

